● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 267, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार , 12 नवम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर



नागालैंड सीएम नेफ्यू रियो को दी जन्मदिन की बधाई 5

अभी बहुत सारा मनोरंजन बाकी है: सूर्य कुमार 6



## विकसित भारत के लिए युवा सशक्त होने चाहिए : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए श्री स्वामीनारायण मंदिर की 200वीं वर्षगांठ समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान स्वामी नारायण की कृपा से वडताल धाम में भव्य द्विशताब्दी समारोह का आयोजन हो रहा है, देश-विदेश से तमाम हरि भक्त वहां आए हैं। आज लोग भी सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर योगदान दे रहे हैं। द्विशताब्दी समारोह केवल एक आयोजन या इतिहास की तारीख नहीं है। ये मेरे जैसे हर व्यक्ति के लिए, जो वड़ताल धाम में अनन्य आस्था के साथ बड़ा हुआ है, उसके लिए बहुत बड़ा अवसर है।

पीएम मोदी ने कहा, मैं मानता हूं कि हमारे लिए ये अवसर भारतीय संस्कृति के शाश्वत प्रवाह का प्रमाण है। 200 साल पहले जिस वडताल धाम की स्थापना भगवान भगवान श्री स्वामीनारायण ने की थी, हमने आज भी उसकी अध्यात्मिक चेतना को जागृत रखा है। हम आज भी यहां भगवान श्री स्वामीनारायण की शिक्षाओं को, उनकी ऊर्जा को अनुभव कर सकते हैं।





प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जाति, धर्म, भाषा, ऊंच-नीच, पुरुष-महिला, गांव-शहर के आधार पर समाज को बांटने की साजिश चल रही है। यह जरूरी है कि हम राष्ट्रीय दुश्मनों की इस कोशिश की गंभीरता को समझें, इस संकट को पहचाने और मिलकर ऐसी हरकत को परास्त करें। हमें मिलकर काम करना है। हमें मजबूत, सक्षम और शिक्षित युवा तैयार करने हैं। विकसित भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना होगा। कुशल युवा हमारी सबसे बड़ी ताकत बनेंगे। हमारे युवाओं की वैश्विक मांग और बढ़ने वाली है। आज मैं दुनिया के जितने भी नेताओं से मिलता हूं, उनमें से ज्यादातर नेताओं की यही अपेक्षा होती है कि भारत के युवा, भारत की कुशल जनशक्ति, भारत के आईटी सेक्टर के युवा उनके देश जाएं और उनके देश में काम करें। भारत के युवाओं की क्षमता से पूरी दुनिया आकर्षित होती है।

उन्होंने कहा कि इस बार प्रयागराज में कुंभ मेला लग रहा है। यह कुंभ मेला 12 साल बाद लग रहा है। दुनिया ने भी इस विरासत को स्वीकार किया है। 13 जनवरी से शुरू होकर करीब 45 दिनों तक चलने वाले इस कुंभ मेले में 40-50 करोड़ लोग आएंगे। दुनियाभर के लोगों को शिक्षित करें और जो विदेशी भारतीय मूल के नहीं हैं, उन्हें कुंभ मेला क्या है, यह समझाएं और कम से कम 100 विदेशियों को बड़ी श्रद्धा के साथ प्रयागराज के इस कुंभ मेले में लाने का प्रयास करें। यह पूरी दुनिया में जागरूकता फैलाने का काम होगा।

पीएम मोदी ने कहा कि स्वामीनारायण समुदाय ने हमेशा नशा मुक्ति पर बहुत मेहनत की है। हमारे संत और महात्मा युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें नशा मुक्त बनाने में बहुत बड़ा योगदान दे सकते हैं। युवाओं को नशे से बचाने के लिए ऐसे अभियान और प्रयास हमेशा जरूरी हैं और हमें यह लगातार करना होगा। उन्होंने कहा कि अब अयोध्या का उदाहरण हम सभी के सामने है। 500 साल बाद एक सपना पूरा हुआ है। काशी और केदार का परिवर्तन हमारे सामने है। एक नई चेतना, एक नई क्रांति हर जगह दिखाई दे रही है। इतना ही नहीं, हमारे देश से चोरी हुई सैकड़ों साल पुरानी मूर्तियों को खोजने वाला कोई नहीं था, आज दुनिया से चुराई गई हमारी मूर्तियों को खोज-खोज कर, ढूंढ़ कर, हमारे देवी-देवताओं के चुराए गए स्वरूप वापस आ रहे हैं, हमारे मंदिरों में लौट रहे हैं।

## जस्टिस संजीव खन्ना बने देश के 51वें सीजेआई

**नई दिल्ली।** जस्टिस संजीव खन्ना सोमवार को देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश बन गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुबह 10 बजे राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जस्टिस खन्ना ने रविवार को सेवानिवृत्त हुए जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की जगह ली। जस्टिस खन्ना का कार्यकाल 13 मई, 2025 तक रहेगा। जस्टिस खन्ना चुनावी बॉन्ड योजना खत्म करने और अनुच्छेद 370 निरस्त करने जैसे ऐतिहासिक फैसलों का हिस्सा रहे हैं। बतौर सीजेआई लंबित मामलों की संख्या घटाना और न्याय में तेजी लाना उनकी प्राथमिकता होगी। दिल्ली के प्रतिष्ठित परिवार से तालुक रखने वाले जस्टिस संजीव खन्ना तीसरी पीढ़ी के वकील रहे हैं। उन्होंने न्यायाधीश बनने से पहले अपने करिअर की शुरुआत 1983 में तीस हजारी कोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस के साथ की थी। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में भी वकालत की और अब अगले छह माह तक देश के मुख्य न्यायाधीश की कुर्सी संभालेंगे।

## भगवान बिरसा मुंडा ने फूंका था आजादी का बिगुल: डॉ. यादव

### सीएम डॉ. यादव ने झारखंड में किया कई जनसभाओं को सम्बोधित



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को झारखंड की गढ़वा विधानसभा के रामकंदा, चिनिया बाजार एवं चतरा जिले की सिमरिया विधानसभा में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के बाद अभी हाल ही में हमने पहली दीवाली मनाई है और देव दीवाली आ रही है। लेकिन रामराज्य अभी नहीं आया। झारखंड में रामराज्य की स्थापना के लिए हमें कांग्रेस और सोरेन की लंका को जलाना होगा। इस भ्रष्ट, बेईमान और निकम्मी सरकार को रवाना करना होगा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी होगी। क्या आप सभी इसके लिए तैयार हैं? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय समाज का सम्मान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी और हमारी संस्कृति की रक्षा में भगवान बिरसा मुंडा का अविस्मरणीय योगदान है, लेकिन कांग्रेस के लोगों ने उनकी स्मृतियों को संजोने के लिए कभी सोचा भी नहीं। मुख्यमंत्री कहा कि झारखंड में विधानसभा का जो चुनाव हो रहा है, यह चुनाव नहीं, धर्म युद्ध है। झारखंड की जनता यह तय करेगी कि इस धर्म युद्ध में किसकी जीत होगी।

## हमारा दृष्टिकोण लेन-देन वाला नहीं, इसका उद्देश्य लंबी साझेदारी बनाना: जयशंकर

**मुंबई।** सोमवार को भारत के वैश्विक दृष्टिकोण पर विस्तार से बात करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि यह लेन-देन वाला नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य अन्य देशों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी विकसित करना है। बता दें कि विदेश मंत्री भारत-रूस व्यापार मंच पर भाषण दे रहे थे, जहां उन्होंने दोनों देशों के संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए 10 मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला।




उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि जैसे-जैसे दुनिया अधिक बहु-ध्रुवीयता की ओर बढ़ रही है, समय के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए सहयोग के उचित तरीके तैयार करना आवश्यक हो जाता है। जयशंकर ने कहा, हमारे पास मजबूत अभिसरण का एक लंबा इतिहास है और गहरी दोस्ती हमें दोनों कारकों का सबसे अच्छा उपयोग करने की अनुमति देती है। दोनों अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे की पूरक हैं, यह भी एक महत्वपूर्ण विचार है। भारत के बीच साझेदारी, जिसकी आने वाले कई दशकों तक 8 प्रतिशत की विकास दर है, और रूस जो एक प्रमुख प्राकृतिक संसाधन प्रदाता और एक प्रमुख प्रौद्योगिकी नेता है, उन दोनों और दुनिया के लिए अच्छी सेवा होगी। इससे पहले, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वल्दाई डिस्कशन क्लब में भारत को रूस का एक स्वाभाविक सहयोगी कहा था। विदेश मंत्री ने कहा कि 10 प्रमुख विकास हैं जिन पर दोनों देशों को ध्यान केंद्रित करना चाहिए। विदेश मंत्री ने 2030 तक भारत और रूस के बीच व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक ले जाने और इसके साथ ही भारत-यूरेशियन आर्थिक संघ व्यापार को जोरदार तरीके से आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## उप राष्ट्रपति 66वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह का शुभारंभ करेंगे

**भोपाल।** उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ मंगलवार 12 नवम्बर को उज्जैन में आयोजित हो रहे 66वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। समारोह का शुभारंभ शाम 4 बजे और सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 7 बजे से प्रस्तुत किए जायेंगे। बुधवार 13 नवम्बर को प्रातः 10 बजे महाकवि कालिदास के साहित्य में पंच महाभूत विमर्श पर आधारित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का प्रथम सत्र, दोपहर 2 बजे विक्रम विश्वविद्यालय के अंतर्गत राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी और शाम 5 बजे पंडित सूर्यनारायण व्यास व्याख्यान माला का आयोजन किया जाएगा।

## अगर साबित कर दिया कि कांग्रेस ने 700 करोड़ जुटाए तो संन्यास ले लूंगा: सिद्धारमैया

**बंगलूरू।** कर्नाटक में भाजपा और कांग्रेस के बीच लगातार आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। अब यहां के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साबित कर दें कि कांग्रेस सरकार ने चुनावी राज्यों के लिए 700 करोड़ रुपये जुटाए हैं तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। सिद्धारमैया ने मोदी को चुनौती दी कि अगर वह महाराष्ट्र के अकोला में लगाए गए अपने आरोपों को साबित करने में असफल रहते हैं तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने रविवार रात हावेरी जिले के शिगगांव में एक चुनावी रैली में कहा, मुझे यह देखकर आश्चर्य होता है कि देश के प्रधानमंत्री इतना झूठ बोलते हैं। महाराष्ट्र में कहीं प्रचार करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था कि कर्नाटक में कांग्रेस ने महाराष्ट्र, झारखंड भेजने और उपचुनावों पर खर्च करने के लिए आबकारी विभाग के माध्यम से 700 करोड़ रुपये एकत्र किए हैं।




## उपचुनाव के प्रचार में बहन प्रियंका के साथ जुटे राहुल

**वायनाड।** केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव हैं और आज प्रचार का आखिरी दिन है। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ प्रचार अभियान में भाग लिया। उन्होंने इस दौरान वादा किया कि वह वायनाड को दुनिया के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में पहचान दिलाएंगे। बता दें, कांग्रेस महासचिव वाड्रा उपचुनाव में यूडीएफ की उम्मीदवार हैं। राहुल ने अपनी बहन के साथ सुल्तान बाथरी में अजम्पशन जंक्शन से चुनगम जंक्शन तक रोड शो किया। उसके बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा, चुनौती के तौर पर मैं वायनाड को दुनिया का सबसे अच्छा पर्यटन स्थल बनाने में उनकी (प्रियंका गांधी) मदद करूंगा।

## सीआरपीएफ ने मुठभेड़ के दौरान 11 उग्रवादियों को किया ढेर


**मणिपुर।** मणिपुर में सीआरपीएफ की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। जानकारी के मुताबिक, सीआरपीएफ ने जिरीबाम में मुठभेड़ के दौरान 11 उग्रवादियों को मार गिराया है। वहीं इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ के एक जवान के भी घायल होने की सूचना है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल तक एयरलिफ्ट किया गया है। सीआरपीएफ के सूत्रों के अनुसार, उग्रवादियों ने सीआरपीएफ की टीम पर हमला किया था, जिसके बाद ये मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ से पहले मणिपुर के पुलिस महानिदेशक(डीजीपी) राजीव सिंह ने कहा कि वे राज्य में शांति और सामान्य स्थिति चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत चुनौतीपूर्ण समय है और वे इसे सर्वोत्तम संभव ताकत के साथ निपटने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं इससे पहले मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों में पिछले तीन दिनों के भीतर तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने कई हथियार, गोला-बारूद और आईईडी जब्त किए हैं। असम राइफल्स ने सोमवार को एक बयान में कहा गया है कि शनिवार को असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने चुराचांदपुर जिले के एल खोनोमफाई गांव से सटे जंगल में एक अभियान के दौरान एक 303 राइफल, दो नौ एमएम पिस्तौल, छह 12 सिंगल बैरल राइफल, एक 22 राइफल, गोला-बारूद और अन्य युद्ध संबंधी सामान जब्त किया।



## शिवराज सिंह चौहान को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा की तरफ से दायर मानहानि मामले में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और दो अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ जमानती वारंट जारी करने पर रोक लगा दी।





न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और एसवीएन भट्टी की पीठ ने मानहानि मामले को रद्द करने से इनकार करने वाले मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 25 अक्टूबर के आदेश को चुनौती देने वाली शिवराज सिंह चौहान और अन्य की याचिका पर कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा से जवाब मांगा। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ताओं के खिलाफ जमानती वारंट का निष्पादन मामले में अदालत के समक्ष कार्यवाही में उनकी प्रभावी भागीदारी के अधीन नहीं किया जाएगा।

शिवराज सिंह चौहान और अन्य की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने कहा कि कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा की तरफ से शिकायत में उल्लिखित कथित बयान सदन के पटल पर दिए गए थे और संविधान के अनुच्छेद 194 (2) के अंतर्गत आते हैं। अनुच्छेद 194 (2) में कहा गया है, किसी राज्य विधानमंडल का कोई भी सदस्य विधानमंडल या उसकी किसी समिति में कही गई किसी बात या दिए गए किसी मत के संबंध में किसी भी न्यायालय में किसी कार्यवाही के लिए उत्तरदायी नहीं होगा, और कोई भी व्यक्ति ऐसे विधानमंडल के किसी सदन की तरफ से या उसके प्राधिकार के तहत किसी रिपोर्ट, पत्र, मत या कार्यवाही के प्रकाशन के संबंध में ऐसा उत्तरदायी नहीं होगा।

अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने कहा कि ऐसा सुनने में नहीं आया है कि किसी समन मामले में न्यायालय की तरफ से जमानती वारंट जारी किया गया हो, जबकि पक्षकार अपने वकील के माध्यम से उपस्थित हो सकते हैं। 25 अक्तूबर को उच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौहान, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के खिलाफ विवेक तन्खा की तरफ से दर्ज मानहानि के मामले को खारिज करने से इनकार कर दिया था।

# एनटीपीसी विंध्याचल मे एनटीपीसी के 50वां स्थापना दिवस समारोह पर भव्य संगीत संध्या का किया गया आयोजन




**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल मे एनटीपीसी के 50वां स्थापना दिवस के अवसर पर बीते 10 नवम्बर 2024 परियोजना के अम्बेडकर स्टेडियम मे भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अधिकारी, कर्मचारी व उनके परिवारजनों के साथ-साथ भारी संख्या मे दर्शक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर मोहम्मद दानिश (इंडियन आइडल फेम) और इशिता विश्वकर्मा (सारेगामापा की विजेता और इंडिया%स गॉट टैलेंट शो की रनर-अप) को आमंत्रित किया गया था, जिन्होनें अपनी-अपनी प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित सभी लोगो का भरपूर मनोरंजन किया और उन्होनें अपनी-अपनी कला के माध्यम से सबको आनंदविभोर कर दिया, जिसे सभी नें खूब सराहा। साथ ही कार्यकारी निदेशक (विन्ध्याचल) ई. सत्या फणि कुमार एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा इस समारोह के आयोजन के लिए टीम विंध्याचल के प्रयासों की सराहना की गई। पूरे स्टेडियम की सजावट और उत्साही माहौल ने हर किसी को झूमने पर मजबूर कर दिया, जिससे संपूर्ण वातावरण में एक नई लहर का संचार हुआ।इस अवसर पर जिले के प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे,जिसमें पुलिस अधीक्षक (सिंगरौली) श्रीमती निवेदिता गुप्ता(आईपीएस) एवं विशिष्ट अतिथि सहायक पुलिस अधीक्षक (सिंगरौली) शिव कुमार वर्मा ने अपनी गरिमामई उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। साथ ही इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विन्ध्याचल) ई. सत्य फणि कुमार, अध्यक्षा (सुहासिनी संघ) श्रीमती सरोजा फणि कुमार, परियोजना प्रमुख (सिंगरौली) राजीव अकोटकर, अध्यक्षा (वनिता समाज सिंगरौली) श्रीमती पीयूशा अकोटकर, परियोजना प्रमुख (रिहंद) पंकज मेदिरत्ता, अध्यक्षा (वर्तिका महिला समिति रिहंद) श्रीमती अनीता मेदिरत्ता, सीईओ (रिलायंस शासन पावर लिमिटेड) सचिन महापात्रा, अध्यक्षा सतरंगी महिला क्लब (रिलायंस शासन पावर लिमिटेड) श्रीमती बरनाली महापात्रा, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण-विंध्याचल) समीर शर्मा, उपाध्यक्ष (सुहासिनी संघ) श्रीमती नीता शर्मा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण-रिहंद) संजय आसाटी, उपाध्यक्षा (वर्तिका महिला समिति रिहंद) श्रीमती नीलू आसाटी के साथ-साथ एनटीपीसी विंध्याचल के महाप्रबंधक (आर एल आई) त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (ग्रीन केमिकल्स एवं बीई) सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (परियोंजना) अतिन कुंडु, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) डी के अग्रवाल, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (मेंटीनेंस) एजे राजकुमार, मानव संसाधन प्रमुख (विन्ध्याचल) राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (सिंगरौली) सिद्धार्थ मण्डल, सभी परियोजनाओं के विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकगण एवं सुहासिनी संघ की वरिष्ठ सदस्यायेँ उपस्थित रहीं।यह समारोह एनटीपीसी विंध्याचल की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और सामुदायिक भावना का प्रतीक था और उपस्थित सभी लोगों के लिए अविस्मरणीय यादें छोड़ गया।

# विंध्यनगर पुलिस नें 8 वर्ष के बालक को एक घंटे के भीतर ढूंढ कर परिजनों को सौंपा



**सिंगरौली।** मप्र शासन व पुलिस मुख्यालय द्वारा भोपाल द्वारा महिलाओ व बच्चो के विरुद्ध होने वाली घटनाओ में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रसारित किए गए है, जिसको दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में जिला स्तरीय विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशो के पालन में शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीमती अर्चना दिवेदी व पुलिस टीम ने 8 वर्ष के बालक को 1 घंटे में दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया है। जानकारी मे बताया गया कि बीते 10 नवम्बर को रात 10 बजे फरियादिया निवासी एलआईजी कालोनी विंध्यनगर थाना उपस्थित आकर बताई कि उसका लड़का परिवर्तित नाम (राजेश) उम्र-8 वर्ष का शाम 7 बजे घर से बाहर खेलने जाना बताकर निकला था जो अभी तक घर वापस नहीं लौटा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विंध्यनगर श्रीमती अर्चना द्विवेदी द्वारा तत्काल पुलिस टीम को संपूर्ण थाना क्षेत्र मे 8 वर्ष के बालक की तलाश करने रवाना किया गया एवं स्वयं भी तलाश मे जुट गईं और विंध्यनगर पुलिस टीम नें एक घंटे के भीतर बालक को ढूंढकर उसकी मां को सुरक्षित सौंपा गया। ज्ञात हो कि बच्चा प्रिंस शाह अपने अन्यत 2 दोस्तो के साथ घर से बिना किसी को बताए एनटीपीसी विंध्यनगर के अम्बेडकर स्टेडियम मे चल रहे सांस्कृ तिक कार्यक्रम देखने चला गया था । इस कार्य के लिए आम लोगों द्वारा विंध्यनगर पुलिस की काफी सराहना जा रही है । उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक श्रीमती अर्चना द्विवेदी, उनि. संदीप नामदेव, सउनि. सुनील दुबे, प्रआर पंकज सिंह, हेमराज पटेल, बृजेश सिंह, नितिन गौतम, आरक्षक भोले लोधी, अशोक कुशवाहा की सराहनीय भूमिका रही।

## मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यक्रमो की आज करेगें समीक्षा

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमारिया का जिले में आगमन 11 नवम्बर आज होगा। जारी कार्यकम के अनुसार अध्यक्ष श्री कुसमारिया 11 नवम्बर को दोपहर 12 बजे सीधी जिलें से प्रस्थान करगे। सिंगरौली आगमन एवं रात्रि विश्राम, अध्यक्ष श्री कुसमारिया 12 नवम्बर को सिंगरौली जिलें में चल रहे पिछडा वर्ग कल्याण कार्यक्रमो की समीक्षा करेगे।

# अवैध रेत परिवहन करते ट्रेक्टर को सासन पुलिस नें किया जप्त



**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता, शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के कुशल निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक विन्ध्यनगर के मार्गदर्शन में कामयाबी मिली है। जानकारी मे बताया गया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 11 नवम्बर को चौकी सासन पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम काम म्यार नदी से व्यक्ति बिना नम्बर का ट्रेक्टर पावर ट्रेक 439 डीएस सुपर सरवर नीले रंग ट्रेक्टर में अवैध रूप से रेत (बालू) लेकर ग्राम काम गांव तरफ जाने वाला है मुखविर से प्राप्त सूचना पर हमराह स्टाप के ग्राम काम म्यार नदी पहुँचकर रेड कार्यवाही की गई तो आरोपी चालक मौके से ट्रेक्टर को छोड़कर भाग गया। तब मौके पर मिला एक अदद बिना नम्बर का ट्रेक्टर पावर ट्रेक 439 डीएस सुपर सरवर नीले रंग मय ट्राली के जिसकी ट्राली में रेत (बालू) लोड कीमती 410000 रूपए। मिलने पर मौके पर जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया एवं फरार आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 303(2), 317(5) भा.न्या.सं. 4/21 खान, खनिज अधिनियम 1952 के तहत कार्यवाही की गई है।

# आयुष्मान कार्ड बनायें जाने के कार्य को निर्धारित समय पर लक्ष्य अनुसार पूर्ण करे: कलेक्टर



**सिंगरौली।** शासन के निर्देशानुसार 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों तथा मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मण्डल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों का एवं उनके परिवार के सदस्यों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनायें जाने हेतु जिलें सभी 316 ग्राम पंचायतों सहित नगरीय क्षेत्र में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। उक्त कार्य में संलग्न अधिकारी कर्मचारी निर्धारित समय सीमा में शत प्रतिशत हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करे। साथ ही सीएम हेल्प लाईन तथा समाधान एक दिवस में चयनित शिकायतों का अधिकारी तत्परता के साथ निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे उक्त आशय के निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिया गया।

कलेक्टर ने जिलें अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियों के बनायें जा रहे आयुश्मान कार्ड की समीक्षा करते हुये कहा कि शासन के निर्देशानुसार 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों एवं मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मण्डल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों का एवं उनके परिवार के सदस्यों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। कार्ड बन जाने संबंधित हितग्राहियों को हर साल 5 लाख तक की नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि इस कार्य में नियुक्त अधिकारी कर्मचारी शिविर के माध्यम से निर्धारित समय सीमा के अंदर शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही ऐसे हितग्राही जो शिविर स्थल तक आने में असमर्थ है उनकी जानकारी प्राप्त कर उनके घरो में जा कर कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही किया जायेगा। कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 100 दिवस 200 दिवस 300 दिवस से लंबित सीएम हेल्प लाईन के शिकायतों अधिकारी तत्परता के साथ निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दियें राजस्व विभाग में लंबित सीएम हेल्प लाईन कि शिकातयों की समीक्षा कर कर उनका निराकरण कराये। उन्होने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि समाधान एक दिवस लोक सेवा गारंटी तथा जन सुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणो की समीक्षा करते हुये निर्देश दियें कि राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणो का निराकरण तत्परता के साथ कराया जाना सुनिश्चत करे।

# घियल लोगों से मिलने ट्रामा सेंटर बैढ़न पंहुचें समाजसेवी भाटी



**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले के जियावन थाना अंतर्गत कुंदवार चौकी के क्षेत्र अंतर्गत हाल ही में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक पिकअप वाहन पलट जाने से अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। सभी घायल सरई क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। यह घटना उन परिवारों के लिए बेहद दुखदायी साबित हुई है, जिनके अपनों को इस हादसे में गंभीर चोटें आई हैं या जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों का इलाज सिंगरौली जिले के बैढन स्थित ट्रामा सेंटर में जारी है। इस कठिन समय में समाजसेवी प्रेम सिंह भाटी ने घायलों का हाल-चाल जानने के लिए ट्रामा सेंटर का दौरा किया और परिवारजनों का ढांढस बंधाया। उनकी इस मानवीय संवेदना से पीड़ित परिवारों को भावनात्मक सहारा मिला। समाजसेवी भाटी ने न केवल घायलों से मुलाकात की, बल्कि ट्रामा सेंटर में इलाज में किसी भी प्रकार की कमी नही होगी, इसका भी भरोसा दिलाया हैं। समाजसेवी प्रेम सिंह भाटी के मिलने के बाद सिविल सर्जन ने सभी घायलों को विधिवत चेकअप कराया एवं जिन लोगों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है उनका आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। इस दौरान प्रेम सिंह भाटी ने देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम से फोन पर बातचीत कर घायलों के इलाज और उनके परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने प्रशासन से भी यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि घायलों को उचित चिकित्सा सुविधा दी जाए और मृतकों के परिवारों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हादसा बेहद हृदयविदारक है और ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सड़क सुरक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। समाजसेवी भाटी के इस संवेदनशील कदम ने यह संदेश दिया है कि समाज की सेवा में जुटे लोग अपने कर्तव्य को निभाते हुए हमेशा जनता के साथ खड़े रहते हैं। प्रेम सिंह भाटी की यह पहल न केवल घायलों के प्रति करुणा और सेवा भाव का उदाहरण है, बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी इस प्रकार की जिम्मेदारी उठाने के लिए प्रेरित करती है। उनकी उपस्थिति से घायलों और उनके परिजनों को राहत और साहस मिला है।

# एसपी की टीम ने महुआ गांव में संचालित कबाड़ियों की दुकानों पर की बड़ी कार्यवाही

**सिंगरौली**

जिले के निवास चौकी क्षेत्र में कबाड़ी कारोबारियों पर पुलिस कप्तान ने बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता को लगातार सूचना मिल रही थी महुआ गांव में कबाड़ी की दुकाने खुली हुई हैं। जिसमें उनके द्वारा कंपनी से चोरी सामान को खपाया जा रहा है। उक्त कबाड़ियों के द्वारा ही चोरों को अपने पास सह दी जा रही है। कबाड़ दुकानों में कीमती पाट्र्स खपा दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा चोरी का माल बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक सिंगरौली श्रीमती निवेदिता गुप्ता जो कि अपनी विशेष कार्यवाहियों के लिये जानी जाती है। उनके द्वारा पुन: कार्यवाही कर पूरे जिले के अवैध कारोबारियों पर शिकंजा कसा है।इसके अतिरिक्त थाना बैढ़न अंतर्गत किराना की दुकानो में अवैध रुप से शराब की बिक्री की सूचना पर बलियरी अंतर्गत स्थित 3 किराना दुकानों एवं हिरवाह स्थित एक दुकान पर कार्यवाही कराई गई है। लगातार कार्यवाही से कारोबारियों के अवैध धंधो पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता का कहना है कि अवैध रुप से कारोबार करने वाले के विरूद्ध ऐसी कार्यवाहियॉ लगातार देखने को मिलेगी।

# घर में घुसकर मारपीट कर रेलिंग एवं मोटर सायकल क्षतिग्रस्त करने वाले फरार आरोपी गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में, नगर पुलिस अधीक्षक की सतत् निगरानी थाना प्रभारी विन्ध्यनगर श्रीमती अर्चना द्विवेदी के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी जयंत सुधाकर सिंह परिहार व अपनी टीम के साथ जैतपुर निवासी के घर के अन्दर घुसकर मारपीट एवं सीढी की रेलिंग एवं मोटर सायकल क्षतिग्रस्त करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

पुलिस ने जानकारी मे बताया कि फरियादी पवन शाह पिता रामदास शाह निवासी ग्राम कटौली पोस्ट जरहा थाना बैढन हाल जैतपुर जगमोहन शाह का किराये का मकान थाना विन्ध्यनगर जिला सिंगरौली उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराये कि 26 अक्टूबर के करीबन 1.40 बजे मैं डियूटी कर अपने घर आया मकान के सामने अपनी मोटर सायकल खड़ी किया वहीं पर सूरज शाह उर्फ गब्बर एवं रामबालक साकेत तथा उसके अन्य साथी बैठे थे, मैं बोला कि यहां क्यो बैठे हो इसी बात को लेकर सूरज शाह उर्फ गब्बर एवं रामबालक साकेत तथा उसके अन्य साथी मुझसे अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे व मेरे साथ मारपीट करने लगे। मैं बीच बचाव हेतु हल्ला गोहार किया तो अमरीश दुबे एवं मेरी पत्नी बीच बचाव करने आये तब सभी लोग पास में खड़ी मोटर सायकल एवं मेनगेट तथा सीडी की रेलिंग तोड़कर क्षतिग्रस्त कर नुकसान किये है, और यह कहते हुए भाग गये है, कि आज तो बच गये हो दुबारा हम लोगो के यहा पर बैठने पर रोक टोक किये तो जान से खतम कर देगें। अपराध धारा 296,115 (2),351 (3),3 (5) 324 (4).333 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, दौरान विवेचना आरोपियों की लगातार तलास की गई, जो दो आरोपी सूरज कुमार साहू ,सूरज साकेत निवासी जैतपुर को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था, प्रकरण का एक आरोपी घटना दिनांक से लगातार फरार था, जिसे 11 नवम्बर को रामबालक साकेत उर्फ जोजो पिता रामनन्दन साकेत उम्र 24 वर्ष निवासी जैतपुर चौकी जयंत दस्तयाब हुआ जिनसे घटना के संबंध में पूछतांछ की गई, जो जुर्म करना स्वीकार किये जिन्हे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जिन्हे न्यायालय द्वारा न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# कांग्रेस-भाजपा पार्टी के कार्यकर्ता आप में शामिल

## रतीभान बोले कई और नेता आना चाहते हैं हमारे साथ




**सिंगरौली।** सिंगरौली में कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है जिसमें कांग्रेस पार्टी के आधा दर्जन से अधिक नेताओं और पदाधिकारी ने कांग्रेस का साथ छोड़कर आपका दामन थाम लिया है । यह सभी आप पार्टी के जिलाध्यक्ष रतीभान प्रसाद की मौजूदगी में आप में शामिल हुए हैं। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को आप पार्टी का झाड़ू का पट्टा पहना कर फूल मालाओं से उनका स्वागत किया. इस मौके पर आप पार्टी के कार्यालय में जिलाध्यक्ष रतीभान प्रसाद,अक्षय कुमार शाह प्रदेश संयुक्त सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, बबुआ राम बैस जिला संयुक्त सचिव, शिव शाह जॉइंट सेक्रेटरी, महेंद्र कुमार शाह जिला उपाध्यक्ष आदि भी मौजूद रहे।

बता दे की आप पार्टी ने सिंगरौली जिलाध्यक्ष रतीभान प्रसाद ने पदभार संभालते ही उन सभी नेताओं से पार्टी में वापसी की अपील की थी जो किसी कारण वश आप छोड़कर अन्य पार्टी में शामिल हो गए थे। उसी का नतीजा था कि इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेस और भाजपा के नेता और पदाधिकारी वापस आप पार्टी में शामिल हो गए हैं. आज आम आदमी पार्टी के विचारधारा से प्रभावित होकर जिलाध्यक्ष के हाथ से अभिमन्यु कुमार चौधरी कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव, गौरी शंकर पाल पूर्व जनपद सदस्य एवं कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष, सविता चौधरी एससी प्रकोष्ठ की महिला मंडल अध्यक्ष बरगवां, अंजनी साकेत मंडल अध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ भाजपा बरगवां ,चंद्रावती साकेत सिंगरौली विधानसभा 80 भारतीय जनता पार्टी सक्रिय सदस्य आप पार्टी में शामिल हो गए।इस मौके पर रतीभान प्रसाद ने भाजपा - कांग्रेस पार्टी से आए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस, दोनों ही दलों ने केवल सिंगरौली की जनता को ठगने का काम किया है. सिंगरौली के विकास को लेकर उन्होंने कोई भी ठोस कदम नहीं उठाए हैं. लिहाजा अब लोगों का भाजपा कांग्रेस और बसपा से मोह भंग हो चुका है। कई नेता और कार्यकर्ता संपर्क कर रहे हैं और आप पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर जुड़ना शुरू कर दिए हैं।

इस मौके पर संजय कुमार शाह जिला संयुक्त सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, दुब्रजपाल जिला उपाध्यक्ष, नीरज कुशवाहा यूथ जिलाध्यक्ष, दीपक सिंह जिला सचिव, रियाज अंसारी अल्पसंख्यक विकास कमेटी जिला अध्यक्ष, रामप्रवेश शाह,सुनील कुमार साकेत, राजेश, रूद्रम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# योजनाओं तक नागरिकों की पहुंच सुनिश्चित करने चलाएं जागरूकता अभियान : डॉ. कुसमरिया

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा

**सीधी।** म.प्र. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया द्वारा सीधी जिले में चल रहे पिछड़ा वर्ग कल्याण की योजनाओं तथा कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। डॉ कुसमरिया ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा जन हितैषी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों तक नागरिकों की पहुंच सुनिश्चित करने तथा अधिकाधिक लाभान्वित करने के लिए जिले में जनजागरूकता अभियान चलाएं। योजनाओं तथा पात्रता की शर्तों के प्रचार-प्रसार से लोग स्वयं आगे आकर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।



डॉ कुसमरिया ने शिक्षा तथा रोजगार से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा कि शिक्षा ही विकास की धुरी है। पिछड़ा वर्ग के छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक स्तर पर छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। प्री-मेट्रिक, पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति के साथ-साथ विदेशों में अध्ययन के लिए भी छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जानकारी के अभाव में लोग योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। उन्होने निर्देशित किया है कि शत-प्रतिशत छात्रों को पात्रतानुसार छात्रवृत्ति प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें जिससे उन्हें ज्यादा से ज्यादा आगे बढ़ने का मौका मिले। उन्होने सिविल सर्विसेज तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को नियमानुसार प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के साथ सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित करने के लिए कहा है। ऐसे कार्यक्रमों से अन्य छात्रों को भी कुछ करने की प्रेरणा मिलेगी। स्वरोजगार कार्यक्रमों एवं अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए डॉ कुसमरिया ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ विचार करें तथा जनसंख्या के अनुपात में ही उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में पहल करें। जाति प्रमाण पत्र के आवेदनों पर तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होने विकासखण्ड स्तर पर छात्रावासों के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने सभी विभागों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। उन्होने विद्यालयीन छात्रों के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने अध्यक्ष महोदय को आश्वस्त किया है कि निर्देशानुसार कार्यवाही की जावेगी।

सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग सुमन द्विवेदी ने विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 3487 में से 874 छात्रों को पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति वितरित की गई है शेष प्रक्रियाधीन है। मेधावी छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत कक्षा 10वीं को दो तथा 12वीं के दो विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया है। राज्य लोकसेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 11 छात्रों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। वित्तीय वर्ष 2023724 में 03 हितग्राहियों को स्वरोजगार योजना से लाभान्वित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी.एल. मिश्रा ने बताया कि जिले में 43872 छात्रों को प्री मेट्रिक छात्रवृत्ति तथा 10668 छात्रों को पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी चुरहट शेलेष द्विवेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## प्रभारी मंत्री 13 नवंबर को करेंगे विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**सीधी।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं प्रभारी मंत्री जिला सीधी श्री दिलीप जायसवाल दिनांक 13.11.2024 को दोपहर 02 बजे कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में समस्त विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में सम्मिलित होंगे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि विभागीय योजनाओं की जानकारी की पीपीटी, यूनिकोड व मंगल फॉन्ट में तैयार कर हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय सीधी में तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## उपकेन्द्र रामपुर नैकिन से संबंधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सीधी।** अधीक्षण अभियंता म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि 132 के.व्ही. उपकेन्द्र रामपुर नैकिन में निर्माणधीन आर.डी.एस.एस. बे को 33 के.व्ही. मेन बस में जोड़ने के लिए दिनांक 12.11.2024 को सुबह 08 बजे से 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी।

## समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

# अभियान चलाकर समाधान में चयनित विषयों से संबंधित शिकायतें निराकृत करायें : कलेक्टर

**सीधी।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा कि सभी अधिकारी अभियान चलाकर समाधान ऑनलाइन में चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि अन्य शिकायतों का भी निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें। अन अटेन्डेड तथा निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यूनतम होनी चाहिए। बजट के अभाव के कारण लंबित शिकायतों को छोड़कर शेष सभी शिकायतों का शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करायें।



कलेक्टर ने कहा कि ऐसे प्रकरण जिसमें राज्य स्तर से कार्यवाही अपेक्षित है, लगातार पत्राचार कर फॉलोअप करें। कलेक्टर ने कहा कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान योजना का लाभ मिलेगा। इस संबंध में जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा सभी पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही तत्परता से पूर्ण करें। गत सप्ताह जिला चिकित्सालय में हुई घटना को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संवेदनशील विषयों पर तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही स्वीकार्य नहीं की जावेगी। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी सिहावल एसपी मिश्रा, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं को समस्त सुविधाएं उपलब्ध करायें : डॉ कुसमरिया

**सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने जिले में प्रवास के दौरान पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास तथा बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने छात्र-छात्राओं से मिल रही सुविधाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होने छात्रों को अच्छे से शिक्षा प्राप्त करने तथा जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ कुसमरिया ने छात्रावासों में शासन के नियमानुसार समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होने साफ-सफाई तथा सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। बालक छात्रावास में पानी की समस्या का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने लापरवाही के कारण अधीक्षक को बदलने के निर्देश दिए हैं।

## मारपीट के मामले में न्यायालय ने सुनाई सजा

**सीधी।** बताया गया कि फरियादी राजमणि साहू ने दिनाँक 10.10.2019 को इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि आज दिनाँक को समय दिन के 12:00 बजे के लगभग वह आटो लेकर खुटेली राधिका उपाध्याय के घर के पास पहुंचा तो मुकेश सिंह गोंड़ उसका आटो रोककर उसे मां बहन की गंदी गंदी गालियां दी एवं लाठी व हाथ मुक्कों से मारपीट कर उपहति करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उक्त सूचना के आधार पर थाना बहरी में अपराध क्रमांक 373/2019 पंजीबद्ध किया गया एवं मामला विवेचना में लिया गया। विवेचना पश्चा त् अभियोग पत्र माननीय न्यायालय सीधी के समक्ष विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 189/2020 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री सीनू वर्मा द्वारा आरोपी को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप माननीय न्यामयिक मजिस्ट्रे ट प्रथम श्रेणी, सीधी की न्यायालय के द्वारा आरोपी मुकेश सिंह गोंड तनय मोहन सिंह गोंड़, 32 वर्ष, निवासी ग्राम बरबंधा, थाना बहरी, जिला सीधी, (म0प्र0) को भारतीय दण्ड संहिता की धारा-323, 341 के अपराध में न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 1500/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के तीन खिलाड़ियों का हुआ ऑल इंडिया नेशनल इंटर यूनिवर्सिटी जूडो टूर्नामेंट में चयन

**सीधी।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शहडोल जिले के शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर के अटल बिहारी ऑडिटोरियम में 7 से 8 नवंबर को आयोजित राज्य स्तरीय जूडो पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के सभी आठ संभागों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में रीवा संभाग की ओर से तीन छात्र एवं एक छात्रा का चयन संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी से हुआ जिसमें बालक वर्ग में 66 किलोग्राम में प्रियंचल कांत सिंह चौहान कांस्य पदक, शिवम सिंह चौहान(-100) किलोग्राम में स्वर्ण पदक व गौरव रैकवार (100) किलोग्राम में रजत पदक और महिला वर्ग में 63 किलोग्राम में आयुषी मिश्रा को स्वर्ण पदक मिला।

# जिला दण्डाधिकारी ने रीवा-सीधी-सिंगरौली न्यू रेल लाइन परियोजना के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश किया जारी

## प्रतिबंधित क्षेत्र की भूमियों में अनाधिकृत प्रवेश एवं अतिक्रमण पर होगी दण्डात्मक कार्यवाही

**सीधी**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) के तहत जिला सीधी अंतर्गत रीवा-सीधी-सिंगरौली न्यू रेल लाइन परियोजना हेतु ऐसी भूमियां जिनका भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान किया जा चुका है तथा रेलवे विभाग को भूमि हस्तांतरण किया जा चुका है, को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर निषेधाज्ञा प्रसारित की गई है। उक्त परियोजना से संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों एवं मशीनों के अतिरिक्त अन्य कोई प्रतिबंधित क्षेत्र की भूमियों का किसी भी रूप में उपयोग नहीं करेगा, न ही अनाधिकृत रूप से प्रवेश करेगा तथा अतिक्रमण नहीं करेगा।

यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163(2) के अन्तर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने की दशा में संबंधित के विरुद्ध भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा- 85 के तहत दण्डनीय होगा।

उल्लेखनीय है कि रीवा-सीधी-सिंगरौली न्यू रेल लाइन परियोजना अंतर्गत जिला सीधी के विभिन्न ग्रामों की भूमियों का भू-अर्जन किया जाकर संबंधित भूमि स्वामियों को उनका मुआवजा का भुगतान पश्चात अर्जित भूमियों को रेलवे विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है। रेलवे विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा दी गई जानकारी अनुसार अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान प्राप्त करने के पश्चात भी कई स्थानों पर लोगो द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर उक्त परियोजना से संबंधित संचालित कार्य को प्रभावित किया जा रहा है, जिससे संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों को उक्त परियोजना से संबंधित कार्य को करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उक्त परियोजना जिले के विकास के दृष्टिकोण से अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।

आदेश के प्रचार-प्रसार हेतु जन संपर्क विभाग को निर्देशित किया गया है कि जनसामान्य को आदेश सूचना से समाचार पत्रों/इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से अवगत करावें। सम्बन्धित राजस्व अधिकारी/थाना प्रभारी/नगरीय व ग्रामीण निकायों के सक्षम अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों के सूचना पटल पर यह आदेश प्रदर्शित कर सामान्य जन एवं संबंधितों को आदेश की जानकारी प्रदान करें।

# साईं ज्योति के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**सीधी।** जिले की अग्रिणी स्कूलों मे सुमार साई ज्योति पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल पनवार के छात्रों को सर्वांगीण विकास हेतु स्कूल प्रबंधन द्वारा शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। उक्त तारतम्य में जूनियर कक्षा 3 से 8वीं तक के छात्रों ने मुकुन्दपुर, ईको पार्क, खंडों एवं रीवा के आस पास के सभी विशेष जगहों का भ्रमण किया। वही सीनियर कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों ने अयोध्या राममंदिर, प्रयागराज एवं बनारस का भ्रमण किया।




स्कूल के एम.डी. नरेंद्र सिंह ने बताया कि छात्र छात्राओं ने भ्रमण में भिन्न-भिन्न छेत्रों की जानकारियां एकत्रित किए। साथ ही भ्रमण का खूब आनंद उठाया। उक्त भ्रमण में व्यवस्थापक नरेंद्र सिंह, डायरेक्टर ममता सिंह, सचिव सुधांशु सिंह, मैनेजर प्रकाश सिंह, प्रिंसिपल बृजेश तिवारी, एच.एम. आकांक्षा सिंह, परीक्षा प्रभारी विकास वर्मा, टीचर अनुपम सिंह, संदीप शुक्ला, कामिनी अग्रहरी, प्रिया सिंह, आंचल सिंह, उर्मिला रानी, मांशी तिवारी, शिवानी सिंह, रश्मी सोंधिया, धनेश यादव, साक्षी पांडेय, कविता रानी, दीप्ति मिश्रा, राजकुमार पटेल, सुनील सिंह, धर्मेंद्र सिंह, बंटी सिंह एवं प्रदीप विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## पेंशन शिविर का आयोजन 25 से 29 नवम्बर तक

**सीधी।** म.प्र. सिविल सेवा (पेंशन) नियम- 1976 के नियम 49 से लेकर 60 में दिये गये प्रावधानों अनुसार सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों की तैयारी सेवा निवृत्त के दो वर्ष से पूर्व की जाकर छः माह पूर्व कार्यालय प्रमुख द्वारा पेंशन प्रकरण तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि दिनांक 31.10.2024 तक सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण निराकरण हेतु पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# वरिष्ठ नागरिक पेंशन एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**सीधी।** वरिष्ठ नागरिक पेंशन एसोसिएशन जिला शाखा सीधी द्वारा प्रान्ताध्यक्ष के निर्देशानुसार माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन को कलेक्टर सीधी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में निम्न मांगो जिसमें - डी.ए. का भुगतान, बकाया एरियर का भुगतान, धारा 49 की समाप्ति, 30 जून एवं 31 दिसम्बर को रिटायर्ड होने वाले कर्मचारियों को एक वेतन वृद्धि का लाभ निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, 62 वर्ष से अधिक आयु वाले कर्मचारियों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रूपये का निःशुल्क इलाज, वरिष्ठ नागरिकों को पूर्व की तरह रेलवे कंसेशन, आयकर से पूर्णतः छूट, शिक्षकों को अर्जित अवकाश के नकदीकरण की समस्या का निराकरण, सेवारत शासकीय सेवकों को ओ.पी.एस. का लाभ दिये जाने के सम्बन्ध में सीधी जिले के अध्यक्ष डी.एन. तिवारी के नेतृत्व में पदाधिकारियों के साथ ज्ञापन सौंपा गया जिसमें एल.पी. सिंह, अवधलाल विश्वकर्मा, एच.पी. गौतम, जय सिंह बाघेल, ओ.पी. जायसवाल, सुरेश सिंह, सतेन्द्र सिंह चौहान, शैलेन्द्र सिंह चौहान, एल.पी. भट्ट, एस.के. सिंह, नरोत्तम प्रसाद पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।



# महाराणा प्रताप बॉक्सिंग एकेडमी 9 मुक्केबाजो ने जीते राज्य स्तर पर पदक

**सीधी।** विगत 3 नवम्बर से 7 नवम्बर तक जबलपुर मे आयोजित 68वीं शालेय राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें रीवा संभाग से विभिन्न स्कूलों के माध्यम से महाराणा प्रताप बॉक्सिंग एकेडमी सीधी एवं सीधी जिला बॉक्सिंग संघ के 23 मुक्केबाज सम्मिलित हुये। अच्छा प्रदर्शन करते हुए 9 मुक्केबाज दिव्यांशु यादव, अभिषेक जायसवाल, हिमांशु शुक्ला ने रजत पदक एवं अनुपम जायसवाल, आयुष पाठक, अनिरुद्ध प्रताप सिंह, अर्पित सिंह, साक्षी तिवारी, रविया बानो ने कास्य पदक कुल 9 पदक जीते। महाराणा प्रताप बॉक्सिंग एकेडमी एवं सीधी जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव राजकुमार गुप्ता एवं सह सचिव एवं मुख्य कोच सूरज शुक्ला ने जानकारी दी है कि हमारी एकेडमी द्वारा पिछले 12 वर्षों से सीधी जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों से मेहनती बालक/ बालिकाओं की खोज कर उन्हें अत्याधुनिक कौशल एवं सुविधाएं दी गई एवं 600 से भी अधिक मुक्केबाजों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में एवं 25 मुक्केबाज राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सम्मिलित हो चुके हैं। मुक्केबाजो ने राष्ट्रीय पर 15 एवं राज्य स्तर पर 450 मेडल प्राप्त किये। महाराणा प्रताप बॉक्सिंग एकेडमी के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ अनूप मिश्रा एवं सीधी जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष विश्वबंधुधर द्विवेदी ने जानकारी दी कि बॉक्सिंग एकेडमी के बच्चे काफी मेहनत कर एकेडमी एवं सीधी जिले का नाम रोशन कर रहे हैं यह अत्यंत गौरव की बात है हमारा आशीर्वाद एवं सहयोग सदैव बच्चों के साथ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बालक बालिकाओं के चयनित होने पर सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक रीती पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा, जिलाशिक्षा अधिकारी डॉ. पी.एल. मिश्रा, जिला क्रीड़ा प्रभारी हरिशंकर पांडेय, ब्लाक क्रीड़ा अधिकारी दिलीप वर्मा,रवि केशरी, डॉ रामाश्रय पाल, आनंद सिंह गहरवार, ज्ञानेंद्र सिंह, विनोद कुशवाहा, अनिल कुमार विश्वकर्मा, सत्यम शुक्ला सहायक कोच, आदर्श दुवेदी सहायक कोच, प्रभाकर सिंह सहायक कोच, पीयूष पटेल सहायक कोच आदि लोगों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# गांधी स्कूल के 37 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ चयन

**सीधी।** गांधी विद्यालय के पीटीआई मामून अंसारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि संभाग स्तरीय कुराश खेल प्रतियोगिता विगत 16 व 17 अक्टूबर को सीधी नगर के उ.मा. विद्यालय सीधी क्रमांक-1 में आयोजित की गई थी। जिसमें गांधी विद्यालय की कई छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया था जिसमें 68वीं राज्य स्तरीय शालेय कुराश खेल प्रतियोगिता के लिए गांधी हाई स्कूल सीधी के 37 छात्र-छात्राओ का चयन किया गया है। जिसमें अण्डर-14 मिनी बालक अनिरुद्ध प्रसाद द्विवेदी अंश वर्मा चंदन सिंह सुशांत सिंह हिमांशु सिंह साहिल अंसारी प्रथम पांडे आदित्य वर्धन सिंह जूनियर बालक अनिकेत शुक्ला श्रवण साहू शिवम जायसवाल अभिनव सिंह आदर्श मिश्रा विवेक गौतम सीनियर बालक शिवम त्रिपाठी शिवांश तिवारी यश गहरवार आराध्य सिंह मिनी बालिका सौम्या सिंह सरस्वती जायसवाल रितिका सोनी मुस्कान जायसवाल पूर्वी त्रिपाठी आस्था त्रिपाठी सुभी सिंह तोमर अनुष्का पटेल जूनियर बालिका अंशिका वर्मा कंगना विश्वकर्मा काजल पटेल शिवांगी सिंह पावनी शुक्ला अदिति केसरी सीनियर बालिका निधि द्विवेदी काजल रजक श्रद्धा वर्मा तनु त्रिपाठी अपने-अपने वजन भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रीवा संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। उक्त प्रतियोगिता के लिए 12 नवम्बर को इंदौर के लिए टीम रवाना होंगे आगामी 13 से 17 नवम्बर तक इंदौर में आयोजित होने वाली 68वीं राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता के लिए गांधी हाई स्कूल, सीधी के 37 छात्र-छात्राओ का चयन किया गया है। अब यह खिलाड़ी रीवा संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाडियों ने राज्य स्तरीय कुराश खेल प्रतियोगिता में चयनित होकर विद्यालय व जिले को गौरवान्वित किया है।



इन सभी खिलाड़ियों को बधाई के लिए विद्यालय के प्रबंधक फादर थोमस तेलेकाट प्राचार्या सिस्टर लिन्सी, वाईस प्राचार्या सिस्टर हेलेना किंडर गार्डन इंचार्ज सिस्टर बोनी मारिया माननीय जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रेमलाल मिश्रा जिला क्रीड़ा अधिकारी हरिशंकर पांडे ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी दिलीप वर्मा पीटीआई किर्ती सिंह, मोहम्मद अशरफ, आर.बी. सिंह, नुरु स्लाम मंडलिक मिश्रा खेल युवा कल्याण विभाग खेल प्रशिक्षक मनिन्द खान रोशन जायसवाल गाँधी विद्यालय के पी.टी.आई. मो0 मामून अन्सारी, पी.टी.आई. हेलेन तिर्की एवं विद्यालय के समस्त परिवार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

विन्ध्य टाइगर
सीधी, मंगलवार 12 नवम्बर 2024



## संपादकीय

### जम्मू-कश्मीर में शांति के दुश्मनों को जवाब देने का समय

जम्मू-कश्मीर में आतंकी संगठन सुनियोजित रणनीति के साथ काम करते हैं। मुश्किल है कि कुछ नई परिस्थितियां बनने के बाद जब भी इस समस्या के खत्म होने या उस पर काबू पाने की उम्मीद बंधती है, तो आतंकी कोई न कोई ऐसी हरकत कर देते हैं कि इस पर नए सिरे से काम करने की जरूरत पड़ जाती है। गौरतलब है कि किश्तवाड़ जिले के ऊपरी इलाके में आतंकवादियों ने दो ग्राम रक्षा गार्ड की गोली मार कर हत्या कर दी। खबरों के मुताबिक, पाकिस्तानी ठिकानों से संचालित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े 'कश्मीर टाइगर्स' ने इन हत्याओं की जिम्मेदारी ली है।दरअसल, कश्मीर के हित का दावा करने वाले आतंकी संगठनों का असली मकसद भारत और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का माहौल बनाए रख कर अपने पाकिस्तानी आकाओं के सियासी हित को पूरा करना है। भारत ने इस हकीकत को ध्यान में रखते हुए हर स्तर पर आतंकवाद का खात्मा करने के लिए अभियान चलाया है। ताजा घटना में बारामूला में सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। अब गृहमंत्री ने जल्दी आतंक-निरोधक राष्ट्रीय नीति लाने की बात कही है।पिछले कुछ समय से जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग जिलों में सुरक्षा बलों या अप्रवासी मजदूरों पर लक्षित हमलों के जरिए चुनौती दी जा रही है। खासकर जम्मू-कश्मीर में सरकार बनने के बाद ऐसी घटनाओं में तेजी आई है। साफ है कि ऐसे लगातार हमलों के पीछे इससे उपजी हताशा काम कर रही है कि आतंकवाद की सियासत के बावजूद जम्मू-कश्मीर के लोगों की शांति की इच्छा और उसके लिए सक्रियता को कम नहीं किया जा सका है।इसका उदाहरण वहां हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के बाद गठित सरकार है, जिसमें वहां के आम लोगों ने बढ़-चढ़ कर मतदान किया और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। आतंकवाद को एक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने वाले संगठनों और उनके पीछे खड़ी ताकतों के लिए यह निश्चित रूप से परेशान करने वाली बात थी। अब स्पष्ट है कि आतंकी हमलों में आम लोगों की जिस तरह हत्याएं की जा रही हैं, वह उसी से उपजी हताशा का नतीजा है।

**इंडिया गठबंधन के घटक दल नेशनल कान्फ्रेंस की जम्मू-कश्मीर सरकार ने विधानसभा में धारा 370 समाप्त करने का प्रस्ताव पारित करके संविधानिक व्यवस्था को धता बताने की कोशिश की है। उल्लेखनीय है कि अनुच्छेद 370 तथा 35ए को विगत 5 अगस्त 1019 को भारत की सबसे बडे लोकतांत्रिक सदन लोकसभा और राज्यसभा ने निरस्त कर दिया था। देश की सर्वोच्च न्यायालय ने भी उसकी समाप्ति पर संवैधानिक मुहर लगा दी थी। ऐसे में राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को बल देने वाले संविधान को ही तार-तार करने की घटना ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सत्ताधारी पार्टी और उसके गठबंधनात्मक दलों की सोच को ही उजागर किया है। इस असंवैधानिक प्रस्ताव ने अपनी वैधता न होते हुए भी जनमानस में व्देष, अलगाव और वैमनुष्यता के विषवृक्ष को सींचने का काम किया है। संविधान की पुस्तक हाथ में लेकर वाहवाही बटोरने वालों ने पर्दे के पीछे से इस कृत्य में भागीदारी दर्ज करके अपनी नियत साफ कर दी है।**

# पटकथाओं की विवेचना से उजागर होता षडयंत्र

( डा. रवीन्द्र अरजरिया)

दुनिया के बदलते परिदृश्य में भारत की विश्वस्तरीय साख बेहद ऊंचाइयों पर पहुंच रही है। वहीं देश के अन्दर भितरघात करने में जुटी मीर जाफरों की फौज ने अपने विदेशी आकाओं के साथ मिलकर आन्तरिक युध्द हेतु वातावरण तैयार करना शुरू कर दिया है। एक ओर जम्मू-कश्मीर की नेशनल कान्फ्रेंस की सरकार का धारा 370 राग और दूसरी ओर नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल आफ नागालैण्ड - इसाक मुइवा यानी एनएससीएन-आईएम व्दारा दी गई हिंसक सशस्त्र हमलों की धमकी। तिस पर जातिवादी जहर को जनगणना के नाम पर फैलाने के मंसूबे, कोढ में खाज की कहावत को चरितार्थ कर रही है। वर्तमान में इन तीन पटकथाओं की विवेचना से उजागर होता षडयंत्र तेजी से अपने परिणामात्मक पटाक्षेप की ओर बढता प्रतीत हो रहा है। नकारात्मक सोच के साथ विध्वंसात्मक राष्ट्रघाती कोशिशों का विस्तार करने वाले लोगों की जमातें, विकासात्मक प्रयासों पर कुठाराघात करने में जुटीं हैं। इंडिया गठबंधन के घटक दल नेशनल कान्फ्रेंस की जम्मू-कश्मीर सरकार ने विधानसभा में धारा 370 समाप्त करने का प्रस्ताव पारित करके संविधानिक व्यवस्था को धता बताने की कोशिश की है। उल्लेखनीय है कि अनुच्छेद 370 तथा 35ए को विगत 5 अगस्त 1019 को भारत की सबसे बडे लोकतांत्रिक सदन लोकसभा और राज्यसभा ने निरस्त कर दिया था। देश की सर्वोच्च न्यायालय ने भी उसकी समाप्ति पर संवैधानिक मुहर लगा दी थी। ऐसे में राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को बल देने वाले संविधान को ही तार-तार करने की घटना ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सत्ताधारी पार्टी और उसके गठबंधनात्मक दलों की सोच को ही उजागर किया है। इस असंवैधानिक प्रस्ताव ने अपनी वैधता न होते हुए भी जनमानस में व्देष, अलगाव और वैमनुष्यता के विषवृक्ष को सींचने का काम किया है। संविधान की पुस्तक हाथ में लेकर वाहवाही बटोरने वालों ने पर्दे के पीछे से इस कृत्य में भागीदारी दर्ज करके अपनी नियत साफ कर दी है। दूसरी ओर देखा जाये तो विगत 3 अगस्त 2015 को एनएससीएन-आईएम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में सरकार के साथ एक रूपरेखा समझौते पर हस्ताक्षर किये थे परन्तु हाल ही में एनएससीएन-आईएम के महासचिव टी मुइवा ने एक बयान जारी करके समूचे देश को ही फिर से हिंसक सशस्त्र हमलों की धमकी ही नहीं दी बल्कि तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की भी वकालत की है। इस मुद्दे को हवा देने की गरज से कांग्रेस ने वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि झांसा देना और शासन करना, मोदी की पहचान है। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया के एक्स प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में कहा कि 3 अगस्त 2015 को नान-बायोलाजिकल प्रधानमंत्री ने दावा किया था कि यह कदम बाजी पलटने वाला साबित होगा जो पूर्वोत्तर को बदल देगा। नौ साल बाद भी हम समझौते के विवरण के बारे में अंधेरे में हैं। अतीत की रोशनी में देखा जाये तो हिंसक उग्रवादी समूहों को देश के अन्दर और बाहर से निरंतर सहयोग, सहायता और संरक्षण दिया जाता रहा है। उल्लेखनीय है कि एनएससीएन सहित अन्य उग्रवादी संगठनों व्दारा अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर तथा असम के नागा बाहुल्य इलाकों को मिलाकर अलग संविधान और अलग झंडे की मांग की जाती रही है जो 3 अगस्त 2015 के समझौते के बाद शान्त हो गई थी। सूत्रों के अनुसार एनएससीएन-आईएम के महासचिव टी मुइवा के हालिया बयान को उसके चीन स्थित दो सहयोगियों ने तैयार किया है जिनके नाम फुथिंग शिमरे तथा पामशिन मुइवा है। कहा जाता है कि 90 वर्षीय टी. मुइवा फिलहाल अस्वस्थ हैं और वे दीमापुर के हेब्रोन कैंप में इलाज करवा रहे हैं। बयान में चीन स्थित सहयोगियों ने इस नगा राजनैतिक मुद्दे पर गतिरोध समाप्त करने के लिए तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की मांग की है। सन् 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद से ही भारत को अस्थिर करने का डर दिखाने हेतु कुछ मीरजाफरों की पहचान करके पर्दे के पीछे से उग्रवादी, आतंकवादी तथा अलगाववादी संगठन खडे कर दिये थे। यह क्रम यूं तो गुलाम देश की धरती पर ही तैयार किया गया था जिसका पहला स्वरूप विभाजन के दौरान सामने आया। बंगाल में सम्प्रदाय के नाम पर खुलेआम कत्लेआम, पश्चिमी और पूर्वी पाकिस्तान में गैरमुस्लिम लोगों की लाशों का अम्बार उस काल का वीभत्स चेहरा था। उसके बाद कभी कश्मीर में आतंकवाद फैला तो कभी पंजाब में खालिस्तान ने सिर उठाया। कभी नक्सलवाद से मध्यप्रदेश का पूर्वी छोर अशान्त हुआ तो कभी दक्षिण में तमिल समस्या के नाम पर हिंसा फैलाई गई। पूर्वोत्तर राज्यों में अलग से उग्रवादी संगठन पैदा किये गये। आन्तरिक समस्याओं के बाहुल्य को दिखाकर देश की जनता को भयग्रस्त करने का सुनियोजित षडयंत्र चलता रहा। विकास और प्रगति जैसे शब्दों को नौकरशाहों से साथ मिलकर कागजों की शोभा बनाने तक ही सीमित रखा गया। धरातल पर पक्षपात, दूरगामी षडयंत्र और खास तबके की जनसंख्या वृध्दि जैसे कृत्य किये जाते रहे, तो नेपथ्य में विदेशी ताकतों की चरणबंदगी में कीर्तिमानी झंडे गाडने की होड लगी रही। वर्तमान में नगालैण्ड का 27 साल पुराना जिन्न को फिर बोतल से बाहर निकालने का प्रयास होने लगा है जिसमें चीन और चीनी सहयोग से मालामाल हो रहे देश के राजनैतिक दलों ने निर्धारित भूमिका का निर्वहन करना शुरू कर दिया। सन् 1997 में हुए नागा संघर्ष विराम को समाप्त करके फिर से धमकी में बदल कर अपनों से अपना का खून कराने की रहसल होने लगी है। इस रहसल में शामिल मीरजाफरों की पीठ पर लाल सलाम, सिर पर हरा दुपट्टा और गले में तीन रंग का पंजा होने की खबरें चौराहों से चौपालों तक चटखारे लेकर कही-सुनी जा रहीं है। तिस पर जातिगत जनगणना की वकालत करने वाले अब देश के नागरिकों को वर्चस्व की जंग में झौंकने की तैयारी में जुट गये हैं। सोशल मीडिया पर फर्जी एकाउण्ट बनाकर जातिगत स्वाभिमान को कुरेदने वाले पोस्ट डालकर स्वयं ही दूसरे एकाउण्ट से उस पर टिप्पणी की अनेक घटनायें उजागर हो चुकीं हैं। ऐसा परिदृश्य पैदाकर के विकास हेतु समर्पित लोगों को भी संकीर्ण वैमनुष्यता की कालिख में लपेटे की तैयारी चल रही है। खुलेआम अपराध करने वालों को बचाने हेतु उनके आकाओं व्दारा मानसिक विक्षिप्तीकरण, दिमागी कमजोरी या फिर उत्तेजनात्मक प्रतिक्रिया जैसे कवच पहले ही तैयार कर लिए जाते हैं। इन्हीं कवचों की इबारत को खास नौकरशाहों की मदद से सरकारी दस्तावेजों में दर्ज करवाकर अपराधियों को सलाखों से बाहर निकालने का जतन निरंतर चल रहा है। ऐसे में देश के वास्तविक बुध्दिजीवियों को अपनी खामोशी ही नहीं तोडना होगी बल्कि षडयंत्रकारियों को कथित बुध्दिजीवियों वाले लबादे से बाहर निकालना भी होगा। तभी देश विरोधी षडयंत्र और षडयंत्रकारियों की पहचान हो सकेगी और राष्ट्र को विश्वमंचीय आकाश पर उडान भरने हेतु पंख मिल सकेंगे। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।



# देवउठानी एकादशी निद्रा से जागेंगे भगवान विष्णु

(दिव्यांशी भदौरिया)

कार्तिक मास की एकादशी को देवउठान एकादशी कहते हैं। इस साल 12 नवंबर को देवउठानी एकादशी पड़ रही है। इस दिन भगवान विष्णुजी को निद्रा से जगाया जाता है। हिंदू धर्म में देवउठनी एकादशी का दिन विवाह बंधन के लिए सबसे अच्छा दिन माना जाता है।



साल में कुल 24 एकादशी तिथियां पड़ती है वहीं, प्रत्येक माह में 2 एकादशी तिथि पड़ती है। कार्तिक मास की एकादशी को देवउठान एकादशी कहते हैं। इस साल 12 नवंबर को देवउठान एकादशी पड़ रही है। इस दिन भगवान विष्णु को निद्रा से जगाया जाता है, जिसे देव उठाना कहते हैं। जब भगवान विष्णु उठ जाते हैं तो इस दिन से शादी शुरु हो जाती है। भारत में शादियों के लिए आदर्श समय नवंबर और दिसंबर के दौरान होता है। विवाह बंधन के लिए शुभ तिथियां इन महीनों में आती हैं, जबकि मौसम के लिहाज से भी यह एक आदर्श समय माना जाता है। इस साल देव उठनी एकादशी के शुभ संयोग के कारण एक ही दिन हजारों शादियां होने की उम्मीद है।

इस दिन सभी लोग अपने घरों में देवों का जगाते हैं। शाम के समय शंख और घंटी, थाली बजा कर भगवान नारायण को निद्रा से जगाते हैं। सनातन धर्म में देवउठनी एकादशी का दिन विवाह के लिए सबसे अच्छा दिन माना जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल यह दिन 12 नवंबर को पड़ रहा है, जिससे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में शादियों के लिए सबसे ज्यादा बुकिंग हुई है। देश अब शादी का मौसम शुरु हो जाएगा।

**इस साल के शादी के शुभ मुहूर्त-** नवंबर और दिसंबर में कुल मिलाकर सिर्फ 18 दिन ही शादी के साए रहेंगे। इसके बाद अगले साल ही विवाह के मुहूर्त हैं। विवाह के शुभ मुहूर्त आगामी 13 नवंबर से शादियां शुरु हो रही है। नवंबर - 16,17, 22, 23, 24, 25, 26, 28, 29 और दिसंबर में 2, 3, 4, 5, 9, 10, 11, 14, 15 तिथियों में शादियां होगी।

**तुलसी विवाह पूजन में यह सामग्री होनी चाहिए-** तुलसी विवाह के पूजन के लिए तुलसी का पौधा, शालीग्राम भगवान, विष्णुजी की तस्वीर पूजा की चौकी, लाल रंग का वस्त्र, कलश, केले का पत्ता, हल्दी की गांठ, चंदन, रोली, तिल, मौली, धूप, दीप, तुलसी माता के लिए श्रृंगार सामग्री( बिंदी, लाल चुनरी, सिंदूर, मेंहदी, बिछुआ, साड़ी आदि) गन्ना, अनार, केला, सिघाड़ा, मूली, आंवला, आम का पत्ता, नारियल, अष्टदल कमल, शकरकंद, गंगाजल, सीताफल, अमरुद, कपूर, फल, फूल, बताशा, मिठाई आदि लेकर आएं।

# यूपी महिला आयोग ने किया पुरुष टेलरों का विरोध तो गरमाई सियासत

(अजय कुमार)

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने कहा कि जिस जिम में महिलाएं जाती हैं, उन जिमों में महिला ट्रेनर होनी चाहिए. ।सभी जिम ट्रेनर का पुलिस वेरिफिकेशन किया जाना चाहिए। जो महिला किसी पुरुष ट्रेनर से ट्रेनिंग लेना चाहे तो उसे लिखित में देना होगा।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने युवतियों और महिलाओं को बैड टच से बचाने और पुरुषों के बुरे इरादों को रोकने के लिए एक प्रस्ताव तैयार करके योगी सरकार के पास भेज रही है। यदि यह प्रस्ताव स्वीकार हो जाता है तो भविष्य में पुरुष टेलरों और बाल काटने वाले पुरूषों के सामने काफी परेशानी खड़ी हो सकती है। महिला आयोग ने कहा है कि पुरूष टेलरों को महिलाओं के कपड़े नहीं सिलने चाहिए और न ही उनके बाल काटने चाहिए। कुछ दिनों पूर्व यह प्रस्ताव राज्य महिला आयोग की बैठक में आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान की तरफ से पेश किया गया, जिसका बैठक में मौजूद अन्य सदस्यों ने समर्थन किया,जिसके बाद अब इसे कानूनी जामा पहनाने के लिये सरकार के पास भेजा जायेगा।

महिला आयोग के इस फैसले पर अलग-अलग स्तर पर प्रतिक्रियां भी आना शुरू हो गई हैं। समाजवादी पार्टी के नेता जहां से बीजेपी की कारगुजारी बता रहे हैं। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अनुराग भदौरिया ने इसे बीजेपी की घिनौनी साजिश करार दिया है। भदौरिया का कहना है कि भगवा ब्रिगेड प्रदेश को साम्प्रदायिकता के आग में झोंक रही है,जिससे कोई नहीं बचेगा। आग लगाने वाले भी इसके शिकार हो जायेगा। वहीं बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता




राकेश त्रिपाठी का कहना है कि महिला आयोग ने यदि ऐसा कोई फैसला लिया है तो जरूर उसके पास बैड टच को लेकर कुछ साक्ष्य मौजूद होंगे। अभी इस तरह का कोई प्रस्ताव सरकार के पास नहीं आया है,जब आयेगा तो इसके गुण-दोष के आधार पर फैसलाय लिया जायेगा।वहीं इन पेशों से जुड़े लोगों को इसकी आहट भर से रोजी रोटी की चिंता सताने लगी है। इन लोगों का कहना है कि किन्हीं एक-दो घटनाओं को आधार बनाकर इन धंधों से जुड़े लोगों की जिविका नहीं छीनी जानी चाहिए। सरकार को यदि कुछ कमी नजर आती है तो वह सुधार कर सकती है। बता दें महिला दर्जी, नाई और जिम ट्रेनर जैसे व्यवसायों में एक वर्ग विशेष के लोगों का वर्चस्व है। अक्सर यहां महिलाओं के साथ बैड टच के मामले भी सामने आते रहते हैं।

बता दें कि 28 अक्टूबर को हुई महिला आयोग की एक बैठक के बाद कई ऐसे सुझाव दिए गए, जिनमें पुरुषों को महिलाओं का नाप लेने की अनुमति नहीं देना और शॉप पर सीसीटीवी कैमरे लगाना आदि शामिल हैं। फिलहाल, अभी यह सिर्फ एक प्रस्ताव है और महिला आयोग बाद में राज्य सरकार से इस संबंध में कानून बनाने का अनुरोध कर रहा है। इस बाबत यूपी महिला आयोग की सदस्य हिमानी अग्रवाल ने आज बताया कि हाल ही में हुई महिला आयोग की बैठक में एक प्रस्ताव रखा गया था कि केवल महिला टेलर ही महिलाओं द्वारा पहने जाने वाले कपड़ों का नाप लें। साथ ही शॉप पर सीसीटीवी लगाए जाएं। हिमानी अग्रवाल ने यह भी कहा है कि इसी तरह से सैलून में केवल महिला नाई ही महिला ग्राहकों की देखभाल करें. क्योंकि, हमारा मानना है कि इस तरह के पेशे में शामिल पुरुषों की वजह से महिलाओं के साथ छेड़छाड़ होती है. वे (पुरुष) गलत व्यवहार करने की कोशिश करते हैं। कुछ पुरुषों की मंशा भी अच्छी नहीं होती है. हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा नहीं है कि सभी पुरुषों की मंशा खराब होती है.

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने कहा कि जिस जिम में महिलाएं जाती हैं, उन जिमों में महिला ट्रेनर होनी चाहिए। सभी जिम ट्रेनर का पुलिस वेरिफिकेशन किया जाना चाहिए। जो महिला किसी पुरुष ट्रेनर से ट्रेनिंग लेना चाहे तो उसे लिखित में देना होगा। क्योंकि, महिला आयोग को लगातार जिम जाने वाली महिलाओं और लड़कियों के शोषण की शिकायत मिल रही हैं, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। साथ ही जिस टेलर शॉप में महिलाओं के कपड़े सिलते हैं, वहां नाप लेने के लिए महिला टेलर को रखा जाना सुनिश्चित किया जाए। यही नहीं जिन स्कूल बसों में लड़कियां जाती हों उनमें महिला कर्मचारी हो. फिलहाल, महिला आयोग ने सभी जिलों को इस संबंध में आदेश दिए हैं. जो नहीं मानेगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## वर्ग पहेली 5549

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | | |
| 5 | | | | | | | 6 |
| | | 7 | | | | 8 | 12 |
| 9 | 10 | | | 11 | 12 | | |
| | | | 13 | | 14 | | |
| 15 | | | | 16 | | 17 | |
| 20 | | | | 19 | 20 | | |
| | | | 21 | | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 16 जून 2007 को यह महिला अंतरिक्ष में लगातार सबसे लंबे समय तक रहने वाली महिला बनी (7)
5. प्रणाम, अभिवादन, नमस्कार (3)
7. सेवा करना वाला, नौकर (3)
8. व्रत, उपवास (उर्दू)(2)
9. मादा या आवेश में आना (4)
13. प्रकाश की किरण, अर्धप्रकाश (1)
14. टूटने-फूटने आदि से उत्पन्न शब्द (2)
15. गति (3)
17. अधिकार, शक्ति, पर्याप्त है कि, समाप्ति सूचक शब्द (2)
18. प्रहार करने की क्रिया (2)
19. गवाह का कथन, साक्ष्य (3)
21. बलमा, प्रेमी, साजन, इस फिल्म मे देवानंद के साथ मीना कुमारी व सुरैया थी (1951) (3)

**ऊपर से नीचे**

1. पुराणानुसार महाराजा जनक की पत्नी का नाम, सुलोचना (4)
2. कड़वी छाल वाले इस वृक्ष की पत्तियां औषधि बनाने के काम में आती है (2)
3. इन्हें सम्राट अकबर के नवरत्नों में गिना जाता है, इनका मूल नाम रामतनुमाल था (4)
4. काबिलीयत, योग्यता, गुण, पात्रता (4)
6. संवारना, आकर्षक और सुंदर बनाना (3)
8. रूपयों का लेन-देन का हिसाब सबंधी बही (5)
10. बंधक बनाया हुआ, जिसे अपराध के सिलसिले में पकड़ा गया हो (4)
12. दार्शनिक प्रणाली, राय, वोट (2)
15. प्रस्थित, भेजा गया (3)
16. वे दिन जिसमें विवाह आदि संपन्न कराए जाते है, तल्लीनता, ध्यान लगाने का भाव (3)
20. बायां, चंद्रमा के रथ के एक घोड़े का नाम (2)

### वर्ग पहेली 5548 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | र | त | | गो | दा | व | री |
| ग | ज | ट | | दा | ता | र | |
| खु | | स्थ | ग | न | | या | मा |
| ल | य | | र्ज | | सं | त्रा | य |
| ना | ज | नी | न | | ता | | |
| | मा | | क | मी | न | गा | ह |
| जा | न | व | र | | ही | र | क |
| ट | | | ना | दा | न | | ला |

## आज का राशिफल

**मेष**
आज करियर में तरक्की का दिन है। आपके सममान में वृद्धि होगी और कार्यक्षेत्र में आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। आपको वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष होगा और आपकी मनचाही तरक्की होने से आपको हर्ष होगा। प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे।

**वृष**
आज करियर में लाभ का दिन है और आपकी तरक्की होने से मन में खुशी होगी। ऑफिस में सहयोगी आपसे कुछ आगे निकलने का प्रयास करेंगे। आप भी धीरे-धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाएंगे और आपकी तरक्की होगी। आप कोई नया कार्य शुरू करने के बारे में सोच सकते हैं।

**मिथुन**
आज दिन सामान्य है। आपको बौद्धिक तथा व्यवसायिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी और आपके लिए तरक्की के योग बने हैं। संतान पक्ष की ओर से हर्ष दायक समाचार से मनोबल बढ़ेगा। भाग्योदय का दिन है, सचेत रहें और अपने काम पर फोकस करें। आपके धन में वृद्धि होगी और आपकी तरक्की होने से खुशी होगी।

**कर्क**
आज लाभ होगा और शुभ कार्यों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आप द्वारा लिया गया निर्णय लाभ देगा और आपकी तरक्की होगी। आपके विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी और लोगों के साथ आपके संबंध पहले से बेहतर होंगे। आप प्रफुल्लित रहेंगे। कोई व्यक्ति आपके लिए समस्या पैदा कर सकता है।

**सिंह**
आज लाभ होगा और आपकी तरक्की होगी और योजनाएं सफल होंगी। विरोधियों का षड़यंत्र असफल रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही कटुता आपसी समझौते से समाप्त हो जाएगी। नया परिचय आपके लिए लाभ देने वाला हो सकता है।

**कन्या**
आज दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा और आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी। आपके सामने ढेर सारी जिम्मेदारियां खड़ी रहेंगी। आपका पूरा दिन किसी प्रकार की सुव्यवस्था करने में बीतेगा। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की आपकी विशेषता से आपको लाभ होगा और आपको यश की प्राप्ति होगी।

**तुला**
आज लाभ होगा और करियर में तरक्की के योग हैं। आपको अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे, व्यर्थ की भागदौड़ भी आपको काफी करनी पड़ सकती है। पारिवारिक अशांति विशेष रूप से रहेगी। सूर्यास्त होने पर आपको कुछ राहत मिल जाएगी और आपकी तरक्की होगी।

**वृश्चिक**
आज दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा। कोई महत्वपूर्ण व्यवसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है। आप अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाए तो आने वाले दिनों में आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके कार्य सफल होंगे और आनंद में वृद्धि होगी। आपके धन में वृद्धि होगी।

**धनु**
आज दिन सफलता से भरा होगा। आपके राज्य कार्यों में सफलता मिलेगी और धन धान्य में वृद्धि होगी। मित्रों से आपको धन लाभ होगा और आपकी तरक्की होगी। निरोगता और शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी और आपकी रुकी हुई योजनाएं फिर से आरंभ हो सकती हैं। शुभव्यय और मंगल कार्य में आपका समय व्यतीत होगा।

**मकर**
आज दिन भाग्य में वृद्धि से भरा होगा और आपकी तरक्की होगी। आपके धन में वृद्धि होगी और अच्छे लोगों का साथ मिलने से आपको प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद से जुड़ी हर समस्या दूर हो जाएगी। सभी प्रकार के विवादों का समाधान भी हो जाएगा। शाम के वक?त आपकी सेहत प्रभावित हो सकती है।

**कुंभ**
आज करियर में लाभ होगा और आपको कारोबार में कई गुना मुनाफा हासिल होगा। आपके लिए दिन कर्म फल की सिद्धिकारक है। कहीं से कमा कमाया धन मिलने के योग हैं। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति होगी और आपको शुभ अवसर प्राप्त होंगे। भाई बन्धुओं से मतभेद और क्रोध का अंत होगा और आपका दिन सुख समृद्धि से भरा होगा।

**मीन**
आज करियर में लाभ और सफलता का दिन है और आपकी योजनाएं सफल होने से आपको खुशी होगी। आज पूरे दिन आय के नये स्रोत सामने आएंगे। आपका दिन खुशहाली में बीतेगा और विरोधी पक्ष के लोग भी पराजित होंगे। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाने से लाभ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आदि कैलाश-ओम पर्वत के हेली सेवा से दर्शन करना आसान



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में हवाई संपर्क सैचुरेशन के तहत धामी सरकार 25 महत्वपूर्ण पर्यटन और धार्मिक स्थानों को हवाई सेवा से जोड़ने जा रही है। इस कड़ी में 27 नवंबर से आदि कैलाश और ओम पर्वत के हवाई दर्शनों की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस सेवा में 72 हजार रुपये प्रति यात्री किराया तय किया गया है, इसमें से 26 हजार रुपये का अनुदान प्रति यात्री सरकार वहन करेगी। लोग 46 हजार रुपये में इस सेवा का लाभ ले पाएंगे। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि इससे पहले इस सेवा का सफल ट्रायल कर लिया गया है। अब कंपनी सेवा शुरू करने के लिए तैयार है। बता दें कि इससे पहले रुद्राक्ष एविएशन कंपनी देहरादून से बदरीनाथ और केदारनाथ के लिए अपनी सेवाएं दे रही है। यह सेवा जौलीग्रांट एयरपोर्ट से संचालित होती है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज का कहना है कि प्रदेश में हवाई सम्पर्क सैचुरेशन के तहत पर्यटन और धार्मिक यात्रा की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों को जोड़ने के लिए हवाई सेवा के विस्तार पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आदि कैलाश और ओम पर्वत के हवाई दर्शन सेवा शुरू की जा रही है। ओम पर्वत-आदि कैलाश हवाई दर्शन के लिए पर्यटन विभाग ने रुद्राक्ष एविएशन कंपनी से करार किया है। इसके तहत कंपनी का एमआई-17 हेलीकॉप्टर एक बार में 18 यात्रियों को दो घंटे की उड़ान में आदि कैलाश और ओम पर्वत के अलावा हिमालय श्रृंखला के दर्शन कराएगा। नैनीसैनी से हेलीकाप्टर उड़ेगा और दो घंटे के दर्शन के बाद वापस वहीं उतारेगा।

### दिल्ली में कम नहीं हो रहा वायु प्रदूषण, 347 दर्ज किया गया औसत एक्यूआई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार खराब बनी हुई है। सोमवार को यहां का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 347 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह 7:30 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 347 दर्ज किया गया है। जबकि दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में एक्यूआई 165, गुरुग्राम में 302, गाजियाबाद में 242, ग्रेटर नोएडा में 271 और नोएडा में 237 बना हुआ है। राजधानी दिल्ली के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई का स्तर 300 से 400 के बीच में बना हुआ है, जिसमें आनंद विहार में 378, अलीपुर में 397, अशोक विहार में 389, बवाना में 400, बुराड़ी क्रॉसिंग में 352, मथुरा रोड में 316, द्वारका सेक्टर 8 में 356, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 344, डीटीयू में 311 और आईजीआई एयरपोर्ट में 336 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा आईटीओ में 338, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 216, लोधी रोड में 308, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 369, मुंडका में 389, मंदिर मार्ग में 344, नरेला में 352, नेहरू नगर में 368, नॉर्थ कैंपस डीयू में 363, नजफगढ़ में 356, पटपड़गंज में 366, ओखला फेस 2 में 339, एनएसआईटी द्वारका में 369, आरके पुरम में 368, रोहिणी में 384, शादीपुर में 383, सिरी फोर्ट में 337, विवेक विहार में 372 और वजीरपुर में 391 एक्यूआई दर्ज किया गया। पूर्वी जिले की गीता कॉलोनी के आसपास एक्यूआई 325 मापा गया। यहां पर सड़कों पर पानी द्वारा छिड़काव किया जा रहा है, जिससे सड़कों पर उड़ने वाली धूल वहीं पर जम जाए और हवा में ना फैले। धूल के कण हवा में फैलने से लोगों को खासकर बच्चों और बूढ़ों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### हिमाचल के शिमला में बड़ा हादसा, धूं-धूं कर जलने लगे गांव के कई घर

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में सर्दियों के मौसम में अग्निकांड की घटनाएं कोहराम मचाने लगी हैं। शिमला जिला के रोहड़ू उपमण्डल के स्मरकोट इलाके के सेरी गांव में भीषण अग्निकांड हुआ है। सोमवार तड़के करीब चार बजे गांव के एक घर में आग लग गई। आसमान चूमती लपटों ने देखते ही देखते साथ लगते घरों को जलाकर राख कर दिया। घरों की रसोई में रखे सिलेंडरों के ब्लास्ट होने से आग और भड़क गई। आग से कपड़े, बिस्तर, बर्तन, खाद्यान्न समेत गृहस्थी का सारा सामान भी राख हो गया। लकड़ी के बने घरों से उठती आसमान चूमती लपटें देख पूरे गांव में हाहाकार मच गया। घरों में मौजूद लोगों ने भागकर जान बचाई। आग की जद में आये घरों के बगल के एक घर में शादी का आयोजन चल रहा था। आग ने पशुशालाओं को भी अपने आगोश में ले लिया। इस घटना में एक गाय की जिंदा जलने से मौत हो गई। घंटों जूझने के बाद दमकल कर्मी आग पर काबू पा सके। दमकल की चार गाड़ियों को आग बुझाने में करीब साढ़े तीन घंटे लग गए।

# पश्चिम रेलवे चलाएगा विशेष किराये पर 4 शीतकालीन स्पेशल ट्रेनें

**वडोदरा, एजेंसी।** ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए विशेष किराये पर चार शीतकालीन स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेनें बांद्रा टर्मिनस-भुज, बांद्रा टर्मिनस-भुज-वलसाड, बांद्रा टर्मिनस-भुज तथा बांद्रा टर्मिनस-हिसार के बीच दौड़ेंगी। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा शनिवार को यहां जारी बयान के अनुसार, इन स्पेशल ट्रेनों की डिटेल इस प्रकार है। ट्रेन संख?या 09037/09038 बांद्रा टर्मिनस- भुज सुपरफास्ट स्पेशल [06 फेरे]; ट्रेन संख्या 09037 बांद्रा टर्मिनस-भुज सुपरफास्ट स्पेशल मंगलवार, गुरुवार और रविवार को बांद्रा टर्मिनस से रात 11:45 बजे रवाना होगी और अगले दिन 1:05 बजे भुज पहुंचेगी। यह ट्रेन 12, 14 और 17 नवंबर को चलेगी।

इसी तरह ट्रेन संख्या 09038 भुज-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल बुधवार, शनिवार और सोमवार को भुज से शाम 7 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 9:45 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 13, 16 और 18 नवंबर को चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, अहमदाबाद, हलवद, सामाख?याली और गांधीधाम स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।



ट्रेन संख?या 09029/09030 बांद्रा टर्मिनस- भुज - वलसाड सुपरफास्ट स्पेशल [02 फेरे]: ट्रेन संख्या 09029 बांद्रा टर्मिनस-भुज सुपरफास्ट स्पेशल बुधवार, 13 नवंबर को बांद्रा टर्मिनस से रात 11:25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर 2:30 बजे भुज पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09030 भुज-वलसाड सुपरफास्ट स्पेशल गुरुवार, 14 नवंबर को भुज से शाम 7 बजे चलेगी और अगले दिन सुबह 6:45 बजे वलसाड पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में सूरत, वडोदरा, अहमदाबाद, हलवद, सामाख?याली और गांधीधाम स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09029 का बोरीवली और वापी स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव होगा। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।

ट्रेन संख?या 09471/09472 बांद्रा टर्मिनस- भुज सुपरफास्ट स्पेशल [02 फेरे]: ट्रेन संख्या 09471 बांद्रा टर्मिनस-भुज सुपरफास्ट स्पेशल सोमवार, 18 नवंबर को बांद्रा टर्मिनस से दोपहर 12:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 03:30 बजे भुज पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09472 भुज-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल रविवार 17 नवंबर को भुज से शाम को 7 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 9:45 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, अहमदाबाद, हलवद, सामाख?याली और गांधीधाम स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।

ट्रेन संख्या 04726/04725 बांद्रा टर्मिनस-हिसार सुपरफास्ट स्पेशल (02 फेरे): ट्रेन संख्या 04726 बांद्रा टर्मिनस-हिसार सुपरफास्ट स्पेशल मंगलवार, 12 नवंबर को बांद्रा टर्मिनस से सुबह 9:30 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन सुबह 11:10 बजे हिसार पहुंचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 04725 हिसार-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल सोमवार 11 नवंबर को हिसार से सुबह 5:50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 7:20 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, भवानी मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, दुर्गापुरा, जयपुर, रींगस, सीकर, नवलगढ़, झुंझुनू, चिरावा, लोहारू और सादुलपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे हैं। ट्रेन संख्या 09037, 09038, 09029, 09030, 09471, 09472 एवं 04726 की बुकिंग 10 नवंबर से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी।

## करणी सेना का ऐलान - अनमोल बिश्नोई पर एक करोड़, तो गोल्डी बरार को मारने पर 51 लाख रुपये

**अहमदाबाद, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद लॉरेंस बिश्नोई पर नकद पुरस्कार की घोषणा करने वाले करणी सेना के अध्यक्ष राज शेखावत ने एक बार फिर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि वह लॉरेंस के खिलाफ घोषित की गई नकद पुरस्कार राशि देने के फैसले पर आज भी अडिग हैं। राज शेखावत ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है।



उन्होंने कहा है, अतंकवादी अनमोल बिश्नोई, गोल्डी बरार, रोहित गोदारा, संपत नेहरा और वीरेंद्र चारण पर नकद पुरस्कार की घोषणा। आतंकी लॉरेंस की पुरस्कार राशि पर हम आज भी कायम है और आगे भी कायम रहेंगे। अब बारी गैंग की आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने वाले आतंकवादी अनमोल बिश्नोई, गोल्डी बरार, रोहित गोदारा, संपत नेहरा और वीरेंद्र चारण की। इन आतंकवादियों पर भी नकद पुरस्कार की घोषणा क्षत्रिय करणी सेना द्वारा की जाती है। जो कोई व्यक्ति इनको ठोकेगा उसे नियमानुसार नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

उन्होंने इनामी राशि की घोषणा करते हुए बताया, अनमोल बिश्नोई पर 1,00,00,000 रुपये- (एक करोड़), गोल्डी बरार पर 51,00,000 रुपये- (51 लाख), रोहित गोदारा पर 51,00,000 रुपये- (51 लाख), संपत नेहरा पर 21,00,000 रुपये- (21 लाख) और वीरेंद्र चारण पर 21,00,000 रुपये- (21 लाख)।

राज शेखावत ने आगे कहा, अमर शहीद सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों, साजिशकर्ताओं को ठोका जाएगा। आओ योद्धाओं हम क्षत्रिय धर्म का निर्वहन करें और आतंकवाद तथा भय मुक्त भारतवर्ष हो यह सुनिश्चित करें। मां करणी का आशीर्वाद सदैव बना रहे। इससे पहले उन्होंने ऐलान किया था कि जो भी पुलिसकर्मी लॉरेंस बिश्नोई का एनकाउंटर करेगा, उसे एक करोड़ 11 लाख 11 हजार 111 रुपये का इनाम दिया जाएगा।

## भारत में इस्कोन को बैन कर देना चाहिए : मातृ प्रसाद मिश्रा

**पुरी, एजेंसी।** ह्युस्टन में 9 नवंबर को इस्कोन ने रथयात्रा का आयोजन किया था। इस रथयात्रा को लेकर इस्कोन की आलोचना हो रही है। दरअसल पहले ही इस्कोन ने ओडिशा सरकार और पुरी के गजपति महाराज को आश्वासन दिया था कि तय समय के अलावा रथयात्रा का आयोजन नहीं किया जाएगा। अमेरिका के ह्युस्टन में रथयात्रा निकाली गई जिसमें भगवान जगन्नाथ के नंदीघोष विराजमान थे। इसें भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तयां नहीं रखी गई थीं। इस्कोन के फेस्टिवल ऑफ ब्लिस के दौरान ऐसा किया गया था। इसके बाद ओडिशा सरकार और श्रद्धालुओं ने भी इस कार्यक्रम की आलोचना की है। पुरी के गोवर्धन पीठ के प्रवक्ता मातृ प्रसाद मिश्रा ने कहा कि यह कार्यक्रम धर्म विरुद्ध था। उन्होंने कहा कि भारत में इस्कोन को बैन कर देना चाहिए। मिश्रा ने कहा, ह्युस्टन में इस्कोन ने लिखित में आश्वासन दिया था कि वे असमय रथ यात्रा का आयोजन नहीं करेंगे। उन्होंने हमारे धर्म के साथ साजिश की है। ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि इस मामले में श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ही कोई फैसला करेगा। हालांकि मंदिर जो भी निर्णय लेगा राज्य की सरकार उसका समर्थन करेगी। वहीं ह्युस्टन इस्कोन की तरफ से वेबसाइट पर बयान दिया गया कि पहले मंदिर ने प्रतिमाओं के साथ में रथ यात्रा करने का विचार किया था। हालांकि जब स्थानीय लोगों ने भी इसपर चिंता जाहिर की तो इस योजना में परिवर्तन किया गया।

# महाराष्ट्र में क्या है 62 सीट वाला दांव, जिस पर भाजपा और कांग्रेस दोनों की नजर, होगी टाइट फाइट

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों में विदर्भ की भूमिका अहम होती है। राज्य में आम मान्यता है कि विदर्भ जिस ओर रुख करता है, सत्ता उसकी ही हो जाती है। यही वजह है कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही इस इलाके में जोर लगा रही हैं। भाजपा इस इलाके में मजबूत है तो वहीं महाविकास अघाड़ी के दलों में कांग्रेस का यहां जनाधार माना जाता है। फिर भी यहां चुनौती यह है कि इस इलाके की 62 सीटों में से 40 पर कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। इस तरह सीधे मुकाबले वाली ये सीटें काफी हद तक विदर्भ और पूरे महाराष्ट्र के ही नतीजे तय कर सकती हैं।

भाजपा के विदर्भ में जनाधार से पहले यहां कांग्रेस ही मजबूत दल हुआ करती थी। यह चुनाव तब हो रहा है, जब कांग्रेस ने इस इलाके की कई ऐसी लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की है, जिन्हें भाजपा का गढ़ माना जाता था। अब यदि लोकसभा नतीजों को देखें तो इस इलाके की 42 सीटों पर कांग्रेस और उसके एमवीए गठबंधन को जीत मिली थी। कांग्रेस, शरद पवार और उद्धव सेना को उम्मीद होगी कि लोकसभा चुनाव वाला परिणाम इस क्षेत्र में दोहरा लिया जाए। खासतौर पर मुंबई-ठाणे क्षेत्र और विदर्भ पर महाविकास अघाड़ी की नजर होगी। ये इलाके भाजपा और शिंदे सेना के गढ़ हैं। ऐसे में यहां यदि एमवीए को बढ़त मिली तो नतीजा उसके पक्ष में हो सकता है। विदर्भ वह क्षेत्र है, जो महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि पूरे देश की वैचारिक दिशा तय करता है। एक तरफ महात्मा गांधी का सेवाग्राम



वर्धा यहीं है तो नागपुर में संघ मुख्यालय है, जो हिंदुत्व की राजनीति का केंद्र बिंदु भी है। इसके अलावा यहीं पर भीमराव आंबेडकर की दीक्षाभूमि है, जो दलित और बौद्ध समाज के लिए श्रद्धा का केंद्र है। भाजपा के दो दिग्गज नेता नितिन गडकरी और देवेंद्र फडणवीस यहीं से आते हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले भी यहीं के रहने वाले हैं। इसलिए भी यहां टाइट फाइट के आसार हैं। इस क्षेत्र के परिणाम कई बड़े नेताओं की साख का सवाल भी बन सकते हैं।

हालांकि कांग्रेस के आगे चैलेंज बागी नेताओं का है। रविवार रात को ही कांग्रेस ने कुल 22 कैंडिडेट्स को बाहर का रास्ता दिखाया था, जो बागी होकर लड़ रहे हैं। विदर्भ में बागियों की बात करें तो कांग्रेस के सामने नागपुर सेंट्रल, कामटी, रालेगाव, सवनेर और वर्धा में चुनौती है। भाजपा के आगे भी इस इलाके में बागियों से लड़ने की चुनौती है, लेकिन वह कांग्रेस के मुकाबले मजबूत स्थिति में दिख रही है। इसके अलावा रविवार को आए मैट्रिज के सर्वे में भी भाजपा प्लस में दिख रही है। भाजपा को उम्मीद है कि हरियाणा की तरह ही महाराष्ट्र में भी नतीजा बदल सकता है और लोकसभा चुनाव के मुकाबले उलटफेर दिखेगा।

# असदुद्दनी ओवैसी का फडणवीस पर हमला, बोले- हमारे पूर्वज अंग्रेजों से लड़े, आपके प्रेम पत्र लिख रहे थे

**मुंबई, एजेंसी।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने 'वोट जिहाद-धर्मयुद्ध' संबंधी टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर रविवार को निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी का 'एक हैं तो 'सेफ' हैं' नारा भारत की विविधता के खिलाफ है। ओवैसी ने बीजेपी के आदर्श नेताओं पर इनडायरेक्ट करते हुए कहा कि फडणवीस के (वैचारिक) पूर्वजों ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के बजाय उन्हें 'प्रेम पत्र' लिखे थे।

फडणवीस ने 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करते हुए शनिवार को कहा था कि 'वोट जिहाद' का जवाब मतों के 'धर्मयुद्ध' से दिया जाना चाहिए। ओवैसी ने चुनाव में एआईएमआईएम उम्मीदवार इम्तियाज जलील (औरंगाबाद पूर्व) और नासिर सिद्दीकी (औरंगाबाद मध्य) के समर्थन में छत्रपति संभाजीनगर के जिंसी इलाके में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'हमारे पूर्वजों ने अंग्रेजों के खिलाफ जिहाद



किया था और फडणवीस अब हमें जिहाद के बारे में सिखा रहे हैं। नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और देवेंद्र फडणवीस मिलकर भी मुझे बहस में नहीं हरा सकते।'

ओवैसी ने कहा कि 'धर्मयुद्ध-जिहाद' संबंधी टिप्पणी चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। हैदराबाद के सांसद ने कहा, 'लोकतंत्र में वोट जिहाद और धर्मयुद्ध कहां से आ गया? आपने विधायक खरीदे, क्या हम आपको चोर कहें?' उन्होंने कहा, 'फडणवीस जहां वोट जिहाद की बात करते हैं, वहीं उनके नायक अंग्रेजों को प्रेम पत्र लिख रहे थे, जबकि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने विदेशी शासकों से कोई समझौता नहीं किया।'

ओवैसी ने कहा, 'हमने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने का तरीका बताया। जब उन्हें (भाजपा को) मालेगांव में (लोकसभा चुनाव के दौरान) वोट नहीं मिले तो उन्होंने (फडणवीस) वोट जिहाद की बात की। जब उन्हें वोट नहीं मिलते, तो वे इसे जिहाद कहते हैं। वे अयोध्या में हार गए। ऐसा कैसे हुआ?' उन्होंने कहा, 'हमारे पूर्वजों ने अंग्रेजों के खिलाफ जिहाद किया था, आपके नहीं। जिन फडणवीस के पूर्वजों ने अंग्रेजों को प्रेम पत्र लिखे, वह हमें जिहाद सिखाएंगे?'

एआईएमआईएम नेता ने कहा कि मोदी कहते हैं 'एक हैं तो 'सेफ' हैं' क्योंकि वे (भाजपा) इस देश की विविधता को खत्म करना चाहते हैं। ओवैसी ने हिंदूवादी संत रामगिरी महाराज के बयानों पर उठे विवाद का हवाला देते हुए कहा कि पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अनुच्छेद 370 पर जो होना था वो हो चुका है, राज्य सरकार की मांग पर केन्द्र अपना फैसला बदलेगी ऐसा नहीं हो सकता: सलमान खुर्शीद

**देहरादून, एजेंसी।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 दोबारा लागू होने की संभावना न्यूनतम है। जम्मू-कश्मीर की मौजूदा विधानसभा में अनुच्छेद 370 हटाने के खिलाफ जो प्रस्ताव आया है वह वहां के सरकार की मजबूरी है। उसने इसी आधार पर जनता से वोट मांगा था। उसे जनता को भी जवाब देना है कि उनकी चुनी सरकार उसके विषय में सोच रही है। देहरादून लिटरेचर फेस्टिवल में शामिल होने देहरादून आए सलमान खुर्शीद ने एक अखबार से बातचीत में कहा कि कश्मीर में इस समय जो हो रहा है उसका संबंध बाहर से नहीं है। कश्मीर विधानसभा में जो भी फैसला होगा उसका खास फर्क बाहर नहीं पड़ेगा। अनुच्छेद 370 पर जो होना था वो हो चुका है। राज्य सरकार की मांग पर केन्द्र सरकार अपना फैसला बदलेगी ऐसा नहीं हो सकता। कश्मीर वाले भी इस वास्तविकता को जानते हैं, लेकिन वहां की सरकार इस विषय पर विधानसभा में प्रस्ताव सिर्फ इसलिए लाई ताकि वहां के लोगों को बता सके कि उनकी चुनी सरकार उनके लिए फिक्रमंद है। अनुच्छेद 370 के बिना कश्मीर के अस्तित्व के सवाल पर उन्होंने कहा कि धारा 370 के हटने से कश्मीरवासियों ने कुछ खोया नहीं है। उसका महत्व कम नहीं हुआ है। कश्मीर का सामारिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक महत्व है। कश्मीर के लोग अपना दायित्व समझते हैं, उनकी सोच पर कोई अंकुश नहीं लगा सकता। कश्मीर में आज भी जो आंतकवाद है वो सीमा पार से है। उस पर अंकुश लगाने के लिए 50 साल से प्रयास जारी हैं। इस विषय पर फारुख अब्दुल्ला, सज्जाद लोन जैसे नेताओं के कुछ विचार हो सकते हैं। लेकिन महत्वपूर्ण आज भी यही है कि इसे कैसे रोका जाए, इसके लिए संघर्ष चल रहा है। भारत की विदेश नीति में है कमी वैश्विक राजनीतिक मंच पर भारत की स्थिति पर सलमान खुर्शीद का कहना है कि भारत की विदेश नीति में उन्हें कमी नजर आती है। भारत का महत्व सामने नहीं आ पा रहा। यूक्रेन, इजरायल आदि देशों में भारत की कितनी सुनी जा रही है यह बात मजबूती से सामने आनी चाहिए। केन्द्र सरकार के रुख में कहीं तो कोई कमी है जिसे सरकार उजागर नहीं करना चाहती। कांग्रेस की रणनीति में कोई चूक नहीं कांग्रेस की मौजूदा स्थिति के सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनैतिक स्थिति चुनाव दर चुनाव बदल रही है। हर बार नए समीकरण सामने आते हैं। लेकिन रणनीति बनाने में कहीं कोई चूक नहीं हुई है।

# पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह ने नागालैंड के सीएम नेफ्यू रियो को दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो को जन्मदिन की बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए नागालैंड के विकास और वहां के लोगों को सशक्त बनाने के लिए सीएम नेफ्यू रियो की तारीफ की और उनको जन्मदिन की बधाई दी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। वे नागालैंड के विकास और लोगों को सशक्त बनाने के लिए अनेक प्रयासों में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। ईश्वर उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन प्रदान करें। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी एक्स के जरिए नेफ्यू रियो को जन्मदिन की बधाई दी और उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने एक्स पर लिखा, नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि आप स्वस्थ रहें और लोगों की सेवा करते रहें। पीएम मोदी ने एक अन्य ट्वीट के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा को उनके जन्म शताब्दी पर नमन किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, भाजपा को सींचने और संवारने में अहम भूमिका निभाने वाले सुंदरलाल पटवा जी को उनकी जन्म-शताब्दी पर मेरा नमन। उन्होंने अपना समस्त जीवन देश और समाज



की निस्वार्थ सेवा के लिए समर्पित कर दिया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने प्रदेश के विकास को एक नई दिशा देने का काम किया। संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान हर किसी को प्रेरित करता रहेगा। इसके अलावा पीएम मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी आचार्य कृपलानी की जयंती के अवसर पर उनको याद किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, आचार्य कृपलानी भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महान व्यक्तित्व थे और बुद्धिमत्ता, ईमानदारी और साहस की प्रतिमूर्ति थे। वे लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध थे। आचार्य कृपलानी अन्याय से लड़ने से नहीं डरते थे। हम उनके महान सपने को पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत समृद्ध, मजबूत होगा और जहां गरीबों के साथ-साथ हाशिए पर पड़े लोगों को भी सशक्त बनाया जाएगा।

**छत्तीसगढ़ में हाथियों के रौंदने से दो मासूमों की मौत; माता-पिता सहित अन्य बच्चों ने भागकर बचाई जान : सूरजपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ से हाथियों के हमले में दो मासूम बच्चों की जान चले जाने की खबर सामने आई है। घटना सूरजपुर की है। यहां जंगल में झोपड़ी बनाकर रह रहे जनजाती परिवार के ऊपर हाथियों के झुंड ने देर रात सोते समय हमला कर दिया। इसमें परिवार के दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। वहीं पति-पत्नी और तीन अन्य बच्चे भागकर जान बचाने में कामयाब हो गए। घटना के बाद से परिवार में मातम का माहौल छाया हुआ है। देर रात किया हाथियों के झुंड ने हमला बताया गया कि देर रात हाथियों ने हमला बोला तो बिखू पंडो अपनी पत्नी और पांच बच्चों के साथ झोपड़ी में सो रहे थे। अचानक हुए हमले में पति-पत्नी और अन्य तीन बच्चों ने किसी तरह भागकर जान बचा ली, लेकिन दो बच्चे गहरी नींद में सोने के कारण वहां से भागने में कामयाब नहीं हो सके। इनके नाम बिसू पंडो और काजल है। इनकी उम्र 11 साल और 5 साल है। हाथियों ने झोपड़ी को बुरी तरह तहस-नहस कर दिया था। इस हमले में भागने में कामयाब ना होने वाले दोनों मासूमों की जान चली गई। जंगल से भागने के बाद पांचो गांव चले गए और रात गुजारने के बाद वापस आए तो देखकर दंग रह गए।

## सार समाचार

### विराट की फॉर्म पर टिप्पणी के लिए गंभीर ने पोंटिंग को दिया जवाब



**मुंबई, एजेंसी।** न्यूजीलैंड से मिली शर्मनाक टेस्ट सीरीज हार और कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली समेत टीम इंडिया के कई सीनियर खिलाड़ियों के फ्लॉप शो पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने सवाल उठाए थे। इसके जवाब में भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पलटवार किया है। भारतीय टीम के मुख्य कोच ने कप्तान रोहित शर्मा सहित अपने सीनियर खिलाड़ियों का समर्थन किया और कहा कि पोंटिंग को ऑस्ट्रेलियाई टीम के बारे में बात करनी चाहिए।

रोहित और कोहली दोनों ही न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में संपन्न तीन मैचों की घरेलू सीरीज में अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे। रोहित ने छह पारियों में एक अर्धशतक सहित केवल 91 रन बनाए, जबकि कोहली ने 93 रन बनाए, जिनमें से 70 रन बेंगलुरु में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में आए। गंभीर ने कहा, रिकी पोंटिंग का भारतीय क्रिकेट से क्या लेना-देना है? उन्हें ऑस्ट्रेलिया के बारे में बात करनी चाहिए। विराट कोहली और रोहित शर्मा अभी भी खेल के प्रति जुनूनी हैं और वह अपने करियर में अभी और अधिक बुलंदी हासिल करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, वे सफलता के भूखे हैं और पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने देश के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है। यहां तक ??कि अन्य खिलाड़ी भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और मुझे यकीन है कि हम एक समूह के रूप में सुधार करेंगे। विराट और रोहित को लेकर मुझे कोई चिंता नहीं है।

गंभीर ने सीनियर बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा जताया और उनकी फॉर्म पर किसी भी तरह के संदेह को खारिज कर दिया। मुख्य कोच ने कहा, रोहित और विराट के लिए मुझे किसी भी तरह की चिंता नहीं है। वे मजबूत खिलाड़ी हैं और उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ हासिल किया है और आगे भी ऐसा करते रहेंगे। दरअसल, पिछले सप्ताह पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में विराट कोहली के फॉर्म पर चिंता जताते हुए लगातार फ्लॉप शो के बावजूद टेस्ट टीम में उनके चयन पर सवाल उठाए थे।

### डेविड वार्नर ने भारतीय पर्यटकों को ऑस्ट्रेलिया घूमने के लिए किया आमंत्रित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी शुरु होने से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज डेविड वार्नर टूरिज्म ऑस्ट्रेलिया के साथ भारतीय पर्यटकों को ऑस्ट्रेलिया घूमने लिए आमंत्रित किया है। टूरिज्म ऑस्ट्रेलिया द्वारा जारी एक नई सोशल कंटेंट सीरीज में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर वार्नर के अपने मनपसंद पर्यटक स्थल सिडनी, मेलबर्न और गोल्ड कोस्ट में छुट्टियां बिताने के उनके अनुभवों को साझा किया है। चार संस्करण की इस सीरीज को टूरिज्म ऑस्ट्रेलिया के इन्स्टाग्राम अकाउंट एट द रेट ऑस्ट्रेलिया पर दिखाया जाएगा। इसे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत के ठीक कुछ सप्ताह पहले भारत में लॉन्च किया गया है। वार्नर ने नई सोशल कंटेंट सीरीज पर टूरिज्म ऑस्ट्रेलिया के साथ सहयोग करने पर जारी बयान कहा, 'हमारे अद्भुत वन्यजीवन से लेकर हमारी कॉफ़ी संस्कृति और सिडनी ऑपिरा हाउस तथा मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड जैसे आइकॉन्स तक, ऑस्ट्रेलिया में भारतीय पर्यटकों के लिए बहुत कुछ है। मैं अपने देश के बैकयार्ड्स को दिखाने का अवसर पाकर बहुत उत्साहित हूँ। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच पाँच टेस्ट मैचों की सीरीज वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में 22 नवंबर, 2024 से आरम्भ होने जा रही है।

रोहित की गैर मौजूदगी में

# जसप्रीत बुमराह करेंगे पर्थ टेस्ट में कप्तानी : गौतम गंभीर

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ टेस्ट में नहीं खेल पाते हैं तो इस मैच की कप्तानी जसप्रीत बुमराह करेंगे। यह जानकारी भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने दी। पर्थ टेस्ट दोनों टीमों के बीच खेली जाने वाली पांच मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट होगा।



निजी कारणों से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोहित शर्मा का पहला टेस्ट मैच खेलना फिलहाल स्पष्ट नहीं है। इसी वजह से उपकप्तान जसप्रीत बुमराह का नाम पहले मैच में कप्तानी के लिए आगे आया है।

मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अगर रोहित शर्मा पहले टेस्ट में उपलब्ध नहीं होते हैं तो उपकप्तान जसप्रीत बुमराह टीम की कमान संभालेंगे। गंभीर ने डिपार्चर से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा, फिलहाल रोहित के न खेलने को लेकर कोई पुष्टि नहीं हुई है। उम्मीद है कि वह उपलब्ध होंगे। अगर रोहित उपलब्ध नहीं होते हैं तो हम पहले टेस्ट के करीब आकर फैसला करेंगे। केएल राहुल टीम में हैं। अभिमन्यु टीम में हैं। हम सर्वश्रेष्ठ संभावित प्लेइंग इलेवन उतारने की कोशिश करेंगे। बता दें कि बुमराह ने इससे पहले 2022 में बर्मिंघम के एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट में भारत की कप्तानी की थी। उस समय कोरोना महामारी के चलते रोहित को मैच खेलने से बाहर कर दिया गया था। जब गंभीर से पूछा गया कि रोहित की अनुपस्थिति में कप्तान की भूमिका कौन निभाएगा तो उन्होंने कहा, जसप्रीत बुमराह उपकप्तान हैं और अगर रोहित शर्मा उपलब्ध नहीं हैं तो वह टीम की अगुवाई करेंगे। गंभीर ने बल्लेबाजी क्रम में में किसी भी स्थान पर अच्छा प्रदर्शन करने की केएल राहुल की क्षमता की भी सराहना की।

उन्होंने कहा, आप अनुभवी खिलाड़ियों के साथ भी जा सकते हैं। मुझे लगता है कि यह एक व्यक्ति की खूबी है कि वह वास्तव में शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी कर सकता है। आप तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं, और वह वास्तव में छठे स्थान पर भी बल्लेबाजी कर सकते हैं। इसलिए आपको इस तरह के काम करने के लिए काफी प्रतिभा की आवश्यकता होती है, और उन्होंने एक दिवसीय प्रारूप में भी विकेटकीपिंग की है। गंभीर ने कहा, तो कल्पना कीजिए कि कितने देशों के पास केएल राहुल जैसे खिलाड़ी हैं जो वास्तव में बल्लेबाजी की शुरुआत कर सकते हैं और छठे नंबर पर भी बल्लेबाजी कर सकते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि अगर जरूरत पड़ी तो वह हमारे लिए यह काम कर सकते हैं, खासकर अगर रोहित पहले टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

कप्तान रोहित शर्मा हुए बाहर!

# ऑस्ट्रेलिया सीरीज से पहले भारतीय टीम को तगड़ा झटका...



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी के घर में 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाना है. मगर इससे पहले भारतीय टीम के लिए एक तगड़ा झटका देने वाली खबर सामने आ रही है. भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम के साथ रवाना नहीं हो रहे हैं.

ऐसे में स्पष्ट है कि रोहित शर्मा सीरीज का पहला टेस्ट मैच नहीं खेलेंगे. उनकी जगह उपकप्तान जसप्रीत बुमराह को कमान संभालनी पड़ सकती है. बता दें कि कप्तान रोहित दूसरी बार पिता बनने वाले हैं. माना जा रहा है कि अगले कुछ दिन में रोहित की पत्नी रितिका सजदेह बच्चे को जन्म दे सकती हैं. ऐसे में रोहित उनके पास रहेंगे.

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं रहेंगे कप्तान रोहित

हाल ही में खबर आई थी कि रोहित पहले बैच में भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया जा सकते हैं. साथ ही वो जरूरत पड़ने पर पहले और दूसरे टेस्ट के बीच में वापस आ सकते हैं.

लेकिन अब यह सभी संभावनाएं समाप्त हो गई हैं. दरअसल, ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम दो बैच में 11 और 12 नवंबर को रवाना होगी. अगर रोहित शर्मा इस बैच के साथ जा रहे होते तब वे भी मीडिया से बातचीत का हिस्सा बनते. भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गई है. इसमें रोहित शामिल नहीं हैं. इसका वीडियो भी सामने आया है.

### पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीमः

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, मिचेल मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क.

टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर.

रिजर्वः मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद.

### भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा

(नवंबर-जनवरी 2025)
22-26 नवंबर- पहला टेस्ट, पर्थ
6-10 दिसंबर-दूसरा टेस्ट, एडिलेड
14-18 दिसंबर- तीसरा टेस्ट, ब्रिस्बेन
26-30 दिसंबर- चौथा टेस्ट, मेलबर्न
03-07 जनवरी- पांचवा टेस्ट, सिडनी

मैच गंवाकर बोले सूर्यकुमार यादव

## अभी 2 गेम बाकी हैं, बहुत सारा मनोरंजन बाकी है



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम ने गक्बेरहा के मैदान पर दूसरा टी20 मुकाबला 7 विकेट से गंवा लिया। दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स और जेराल्ड ने अंतिम ओवरों में साझेदारी कर भारत के जबड़े से जीत छीन ली। इसी के साथ भारत की 11 मैचों से चल रही विजयी स्ट्रीक भी टूट गई।

भारत ने टी20 विश्व कप में लगातार मुकाबले जीते थे। इसके बाद बांग्लदेश के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में 3-0 से जीतने के बाद उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 में जीत से ही शुरूआत की थी। सूर्यकुमार की टी20 में बतौर कप्तान यह केवल तीसरी हार ही है। मैच गंवाने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि आपको जो भी कुल मिलता है उसका हमेशा समर्थन करना होता है। बेशक, टी20 मैच में आप 125 या 140 का स्कोर नहीं बनाना चाहते, लेकिन हमारे लड़कों ने जिस तरह से गेंदबाजी की, उस पर मुझे गर्व है।

वरुण चक्रवर्ती की परफार्मेंस पर उन्होंने कहा कि यह टी20 गेम में 125 रन का बचाव करते मिले बेस्ट 5 विकेट है। यह अविश्वसनीय है। उन्होंने अपने खेल पर वास्तव में कड़ी मेहनत की। वह इस चरण का इंतजार कर रहे थे और सभी ने इसका आनंद लिया। उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। अभी दो गेम बाकी हैं, बहुत सारा मनोरंजन बाकी है और जोबर्ग में मजा आएगा।

### ऐसा रहा मुकाबला

गक्बेरहा की उछाल भरी पिच पर दक्षिण अफ्रीका ने बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स और अंत के ओवरों में जेराल्ड कोइट्जी के बड़े शॉटों की बदौलत पर भारत से दूसरा टी20 मुकाबला 3 विकेट से जीत लिया।

125 रन का पीछा करते वक्त 86 रन पर 7 विकेट गंवा चुकी दक्षिण अफ्रीका को ट्रिस्टन और जेराल्ड ने अंत के ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर जीत दिला दी। 19वें ओवर में मुकाबले की उम्मीद थी लेकिन अर्शदीप को 4 चौके पड़े जिससे भारतीय टीम यह मुकाबला गंवा बैठी। इससे पहले हार्दिक पांड्या की 47 रन की धीमी पारी की बदौलत भारतीय टीम 124 रन ही बना पाई थी। अब चार मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर आ गई है।

## हार्दिक पंड्या को मैदान पर तेवर दिखाना पड़ा भारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पंड्या इस साल सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल हुए हैं। कभी अपनी निजी जिंदगी को लेकर तो कभी क्रिकेट करियर को लेकर। हार्दिक एक बार फिर ट्रोलर्स के निशाने पर हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 में हार्दिक ने जिस तरह के तेवर दिखाए उस तरह की बल्लेबाजी नहीं कर पाए। इसी कारण अब वह ट्रोल हो रहे हैं।



### भारतीय टीम को थी रनों की जरूरत

भारतीय टीम ने दूसरे टी20 मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 124 रन बनाए थे। आखिर के ओवर्स में जब टीम को ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की जरूरत थी तो भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या फ्लॉप और अर्शदीप सिंह स्ट्राइक पर थे। 19वां ओवर डालने की जिम्मेदारी गेराल्ड कोएत्जी को दी गई। पहली गेंद पर अर्शदीप सिंह ने सिंगल नहीं ले पाए। दूसरे छोर पर खड़े हार्दिक स्ट्राइक पर आने को बेताब थे।

# जॉस बटलर ने मारा इतना लंबा छक्का कि स्टेडियम पड़ गया छोटा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** जॉस बटलर. बात अगर व्हाइट बॉल क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट यानी ञ्20 क्रिकेट में धूम मचाने की हो तो ये नाम ही काफी है. बटलर जब बल्ले से बरस रहे हों तो अच्छे-अच्छे गेंदबाज भी उन्हें गेंद डालने से कतराते हैं. और, ऐसा क्यों है इसका एक खूबसूरत नजारा वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 में देखने को मिला. जॉस बटलर ने इस मैच में क्या नहीं किया. कप्तानी पारी खेली.

ताबड़तोड़ रनों की बारिश की. चौके जमाए और एक के बाद एक 6 छक्के भी. लेकिन, बटलर के दिखे इस शो का जो स्टॉपर रहा, वो रहा वो लंबा छक्का, जिसके आगे स्टेडियम भी पड़ गया छोटा. इंग्लैंड और मेजबान वेस्टइंडीज के बीच 5 टी-20 मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला ब्रिजटाउन में खेला जा रहा था. मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 158 रन बनाए. जवाब में 159 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम के लिए ओपनिंग जोड़ी के ना चलने के बाद पारी को संभालने का जिम्मा कप्तान जॉस बटलर ने उठाया. बटलर ने क्रीज पर उतरने के बाद ज्यादा इंतजार नहीं कराया और दर्शकों को अपने उस अंदाज का दीदार कराना शुरू कर दिया, जिसके लिए वो वर्ल्ड फेमस हैं.

बेखौफ अंदाज में खेलते हुए बटलर ने 32 गेंदों पर अपना 24वां टी-20 इंटरनेशनल अर्धशतक पूरा किया और फिर उस पारी को आगे बढ़ाते हुए 45 गेंदों पर 83 रन तक ले गए. उनके बल्ले से कुल 9 चौके और 6 छक्के निकले.

### वो छक्का जिसके लिए स्टेडियम पड़ गया छोटा!

जॉस बटलर ने मैच में अपना पहला छक्का छठे ओवर की चौथी गेंद पर जड़ा था. लेकिन जो 9वें ओवर की तीसरी गेंद पर अपनी इनिंग का दूसरा छक्का जो उन्होंने जड़ा, उस पर तो कमाल ही हो गया. वो छक्का इतना ऊंचा, इतना लंबा गया कि उसके लिए स्टेडियम भी मानों छोटा पड़ गया. बटलर ने ये छक्का वेस्टइंडीज के स्पिनर मोती के खिलाफ लगाया था.

### बटलर ने लगाया कितना मीटर लंबा छक्का?

बटलर के बल्ले से टकराकर निकलने के बाद वो छक्का हवा में लहराते हुए सीधे स्टेडियम की छत्त पर जाकर लैंड हुआ.

और, फिर उसने वहां से स्टेडियम के बाहर का मोड़ ले लिया. वीडियो देखकर अगर आप इस छक्के की दूरी का अंदाजा नहीं लगा पा रहे तो चलिए हम बता देते हैं. बटलर का ये सिक्स 115 मीटर लंबा रहा. इसके बाद बटलर ने 4 छक्के और लगाए,

न्यूजीलैंड -श्रीलंका टी-20

# लॉकी की हैट्रिक और ग्लेन फिलिप्स के 3 विकेट से जीता न्यूजीलैंड



सीरीज 1-1 से बराबर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच खेले गए 2 मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और इस मैच में कीवी टीम ने लॉकी फर्ग्यूसन की हैट्रिक और ग्लेन फिलिप्स के 3 विकेट की मदद से मैच को 5 रन से जीत लिया। इस मैच में जीत दर्ज करने के बाद न्यूजीलैंड ने 2 मैचों की टी20 सीरीज को 1-1 से बराबरी पर खत्म किया। इस मैच में श्रीलंका ने टॉस जीता था और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए पहली पारी में न्यूजीलैंड की टीम को 19.3 ओवर में 108 रन पर आउट कर दिया। इस टीम को जीत के लिए 109 रन का आसान टारगेट मिला था, लेकिन श्रीलंका की टीम 19.5 ओवर में 103 रन पर आउट हो गई और उसे 5 रन से हार मिली। इस हार के साथ ये सीरीज भी ड्रॉ हो गया।

पहली पारी में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रीलंका की गेंदबाजी काफी अच्छी रही और वानिंदु हसरंगा ने 4 विकेट झटके जबकि मथिशा पथिराना ने 3 तो वहीं नुवान तुषारा ने 2 जबकि महीश तीक्षणा ने एक विकेट लिया। कीवी टीम की तरफ से विल यंग ने सर्वाधिक 30 रन की पारी खेली तो वहीं कप्तान मिचेल सैंटनर ने 19 रन जबकि जोस कार्लसन ने 24 रन बनाए।

### लॉकी फर्ग्यूसन की हैट्रिक

लॉकी ने इस मैच में गजब की गेंदबाजी की और हैट्रिक विकेट भी हासिल किया। उन्होंने इस मैच में छठे ओवर की आखिरी गेंद पर (ये उनके पहले ओवर की आखिरी गेंद थी) कुसल परेरा को 3 रन पर कैच आउट करवा दिया। इसके बाद जब वो पारी का 8वां ओवर फेंकने आए (जो उनका दूसरा ओवर था) और इसकी पहली ही गेंद पर उन्होंने किमांदु मेंडिस को एक रन पर पगबाधा आउट कर दिया और फिर ओवर की दूसरी ही गेंद पर चरित असलंका को डक पर आउट करके अपना हैट्रिक पूरा किया। लॉकी ने 2 ओवर में 7 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि ग्लेन फिलिप्स अपने हैट्रिक से चूक गए, लेकिन उन्होंने एक ही ओवर में 3 विकेट लेकर मैच ही पलट दिया और उन्होंने1.5 ओवर में 6 रन देकर 3 विकेट लिए। श्रीलंका की तरफ से दूसरी पारी में पथुम निसांका ने 51 गेंदों पर 52 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए। लॉकी प्लेयर ऑफ द मैच बने जबकि वानिंदु हसरंगा प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए।

# गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें निर्माण कार्य, लागत में न हो अनावश्यक वृद्धि : उप मुख्यमंत्री

## स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास कार्यों की गहन समीक्षा

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सरकार का उद्देश्य केवल स्वास्थ्य अधोसंरचना का निर्माण नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि यह अधोसंरचना जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सहायक बने। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों के साथ-साथ एचआर और आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की व्यवस्था भी करें ताकि इन सुविधाओं का लाभ आम जनता को शीघ्र प्राप्त हो सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में राज्य के विभिन्न स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास परियोजनाओं और मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्यों की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर और उच्चतम गुणवत्ता मानकों के साथ पूरा करने के निर्देश दिये, ताकि लागत में अनावश्यक वृद्धि पर रोक लगाई जा सके और आमजन को शीघ्र अति शीघ्र इन सुविधाओं का लाभ मिल सके।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और स्वास्थ्य के अधिकार के लक्ष्यों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का बुनियादी ढांचा तैयार करने के साथ ही मानव संसाधन और आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्माणाधीन 8 नए मेडिकल कॉलेजों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनका कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि छात्रों के लिए सीटें बढ़ाई जा सकें और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि समय पर निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से अधिक से अधिक मरीजों को उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी, जो राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इन मेडिकल कॉलेजों के निर्माण से प्रदेश के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।

राजगढ़ और मऊगंज जिला अस्पतालों के नए भवनों में जल्द से जल्द संचालन शुरू करने के लिए उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों की उन्नत सुविधाएं जनता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन अस्पतालों का शीघ्र संचालन होने से स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ेगी और स्थानीय निवासियों को गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए अन्यत्र जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

उप मुख्यमंत्री ने सतना में 650 बिस्तरों वाले मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निर्माण की स्थिति की भी समीक्षा की और इसे स्टेट ऑफ आर्ट हेल्थ केयर सुविधा के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य न केवल क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है, बल्कि आसपास के जिलों के मरीजों को भी उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस अस्पताल में अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर, इमरजेंसी सुविधाएं और विशेषज्ञ विभाग शामिल किए जाएंगे, जो मरीजों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान करने में सहायक होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने श्यामशाह मेडिकल कॉलेज, रीवा में 321 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे सुदृढ़ीकरण और उन्नयन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कैंसर अस्पताल (200 बेड), एमसीएच ब्लॉक, नर्सिंग कॉलेज, हॉस्टल, ओपीडी ब्लॉक, मल्टी-लेवल पार्किंग और अन्य महत्वपूर्ण अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह कार्य शीघ्र पूर्ण हो ताकि मरीजों और मेडिकल छात्रों को इसका लाभ मिल सके।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर के जिला अस्पताल से मर्जर कर 1200 बिस्तरों तक क्षमता विस्तार कार्य की योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस विस्तार से मेडिकल कॉलेज की क्षमता में वृद्धि होगी और अस्पताल में मरीजों की संख्या का प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया जा सकेगा। इसके साथ ही, उन्होंने यूजी और पीजी सीटों के विस्तार, नए 9 ओटी ब्लॉक, कैंसर ऑनकोलॉजी विंग, कैंसर अस्पताल और छात्रावास निर्माण जैसी अन्य परियोजनाओं की भी प्रगति की जानकारी ली और समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

# बच्चों को निमोनिया से बचाने के लिए आज से शुरू होगा सांस अभियान

**रीवा।** रीवा और मऊगंज जिले के सभी विकासखण्डों में 12 नवम्बर 2024 से 28 फरवरी 2025 तक सांस अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत सर्दी, खांसी और बुखार से पीड़ित पाँच साल तक के सभी बच्चों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जाँच की जाएगी। बार-बार बीमार पड़ने वाले बच्चों को अस्पताल में भर्ती करके सांस संबंधी रोगों का समुचित उपचार किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि पाँच साल से कम आयु के बच्चों में निमोनिया का सर्वाधिक प्रकोप होता है। मध्यप्रदेश में लगभग 17 हजार बच्चों की मौत हर वर्ष निमोनिया से हो जाती है। इसकी रोकथाम के लिए सांस अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बच्चों को निमोनिया से बचाव के लिए उनके माता-पिता को जागरूक किया जाएगा। साथ ही निमोनिया से पीड़ित बच्चों को समुचित उपचार दिया जाएगा। शिशु के संपूर्ण टीकाकरण, समुचित पोषण, साफ-सफाई तथा प्रदूषण से बचाने के संबंध में भी अभियान के दौरान अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा। अभियान के संबंध में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ बीके अग्निहोत्री ने बताया कि निमोनिया से पीड़ित बच्चों के रेफरल प्रकरणों की नियमित मॉनीटरिंग की जाएगी। अभियान के संबंध में जिला और विकासखण्ड स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर अभियान से जुड़े डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है। अभियान की जिला और विकासखण्ड स्तर से सतत निगरानी की जाएगी। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, श्रम विभाग, पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा स्वयंसेवी संस्थाएं मिलकर प्रयास करेंगी।

अभियान के दौरान शिशुओं को नियमित स्तनपान कराने, सम्पूर्ण टीकाकरण तथा शिशु स्वास्थ्य रक्षा के संबंध में जागरूक किया जाएगा। एसएनसीयू तथा पोषण पुनर्वास केन्द्र से डिस्चार्ज शिशुओं का लगातार फालोअप किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन ट्रेन 21 नवम्बर को जाएगी द्वारिका

## कलेक्टर ने प्राप्त आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

**रीवा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से वरिष्ठ नागरिकों को किसी एक तीर्थ स्थल की निःशुल्क यात्रा कराई जाती है। इस योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो आयकर दाता नहीं हैं तीर्थयात्रा कर सकते हैं। महिलाओं को आयुसीमा में दो वर्ष की छूट दी गई है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि रीवा रेलवे स्टेशन से तीर्थ दर्शन ट्रेन 21 नवम्बर को द्वारिका के लिए प्रस्थान करेगी। पात्र बुजुर्ग तीर्थ दर्शन यात्रा का लाभ लेने के लिए तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय अथवा नगर पंचायत कार्यालय में आवेदन जमा किए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने आवेदन पत्रों की जाँच के लिए अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय टीम बनाई है। कलेक्टर ने कहा है कि जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची साफ्टकापी एवं हार्डकापी में तत्काल प्रस्तुत करें।

# कमिश्नर आज करेंगे विभागीय कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बी.एस. जामोद 12 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। बैठक में सभी विभागों की प्रमुख गतिविधियों की भी समीक्षा की जायेगी। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की गयी है। सभी संभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं। जिन विभागों में संभागीय अधिकारी पदस्थ नहीं हैं उनके जिला अधिकारी संभागीय जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहेगें।

# संभागीय समिति ने भूमि आवंटन के 17 प्रस्तावों को दी मंजूरी

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में संभागीय नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि भूमि आवंटन के प्रस्तावों में प्रत्येक बिन्दु का स्पष्ट उल्लेख करें। संबंधित विभागों के अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा जमीन के खसरा नम्बर एवं चिन्हित स्थल के नक्शे भी प्रकरण में प्रस्तुत करें। शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों का पालन करते हुए ही भूमि आवंटित की जाएगी। सभी प्रस्तावों में अभिलेखों की मूलप्रति संलग्न करें। बैठक में आज जिन प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई है उनसे ग्रामीण



क्षेत्र में हर घर नल कनेक्शन के लिए 15 टंकियों का निर्माण किया जाएगा। इनमें निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराएं। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जमीन आवंटन के प्रस्तावों की जानकारी दी। बैठक में तहसील सिरमौर में ग्राम रोझौहीं में 87.524 हेक्टेयर जमीन औद्योगिक विकास केन्द्र के निर्माण के लिए आवंटित की गई। हुजूर तहसील के ग्राम सिलपरी में लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तहत जल निगम के कार्यालय भवन के लिए 0.250 हेक्टेयर भूमि तथा ग्राम चोरहटा एवं सगरा में स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण के लिए जमीन आवंटित की गई। बैठक में त्योंथर तहसील के ग्राम टगहा में 6.57 हेक्टेयर राजस्व भूमि को वन विभाग को आवंटित करने का प्रस्ताव मंजूर किया गया। टमस समूह जल प्रदाय योजना के लिए आवश्यक वन भूमि के बदले वृक्षारोपण के लिए यह भूमि दी जा रही है। पेयजल व्यवस्था के लिए पीएचई विभाग को पाइपलाइन बिछाने एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए अलग-अलग ग्रामों में जमीन आवंटित की गई। तहसील गुढ़ के ग्राम गहिरी में 0.040 हेक्टेयर, ग्राम पोड़ी में 0.040 हेक्टेयर, ग्राम भीटी में 0.344 हेक्टेयर के अंश भाग, ग्राम अमराडाड़ी में 0.006 हेक्टेयर जमीन पानी की टंकी बनाने के लिए आवंटित की गई। ग्राम लोही में 0.040 हेक्टेयर, ग्राम इटार पहाड़ में 6.21 हेक्टेयर के अंश भाग, ग्राम भीटा में 0.295 हेक्टेयर के अंश भाग तथा ग्राम अमिलिहा में 0.010 हेक्टेयर भूमि पानी की टंकी बनाने के लिए आवंटित की गई। ग्राम उमरी में 0.138 हेक्टेयर के अंश भाग 0.036 हेक्टेयर, ग्राम गोरगी में 0.67 हेक्टेयर के अंश भाग, ग्राम जोकिहा में 1.489 हेक्टेयर के अंश भाग तथा ग्राम सहिजना में 3.052 हेक्टेयर के अंश भाग में टंकी बनाने के लिए जमीन आवंटित की गई। टंकी बनाने के लिए जमीने पीएचई विभाग को आवंटित की गई हैं।

# सीनियर नर्सिंग आफीसर रोटेशन से होंगी तैनात

**रीवा।** सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के सभागार में अधीक्षक डॉ अक्षय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि सीनियर नर्सिंग आफीसरों को रोटेशन पद्धति के अनुसार तैनात किया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारों में परिवर्तन के संबंध में जारी निर्देशों का नर्सिंग आफीसर पालन करें। नर्सिंग संवर्ग से



संबंधित व्यवस्थाओं को सभी नर्सिंग आफीसर सुचारू रूप से संचालित करें। रोगियों के उपचार तथा देखभाल में किसी भी तरह की कठिनाई आने पर तत्काल अधीक्षक को अवगत कराएं। बैठक में एक वर्ष की अवधि पूरी करने वाले नर्सिंग आफीसरों को उनके वेतनमान निर्धारण से संबंधित प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। बैठक में मेडिकल कालेज के डीन डॉ सुनील अग्रवाल, नर्सिंग आफीसर डॉ रेणु पटेल, डॉ नीरज कुमार पटेल तथा अन्य नर्सिंग आफीसर उपस्थित रहीं।

# खनि रियायत संबंधी बैठक अब 13 नवम्बर को

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में 11 नवम्बर को सुबह 11 बजे से आयोजित खनि रियायत संबंधी बैठक अब 13 नवम्बर को शाम 4 बजे से आयोजित की जा रही है। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद वन सीमा से 250 मीटर की परिधि में आने वाली जमीनों में खनि रियायत संबंधी सतना जिले के प्रस्तावों की समीक्षा करेंगे। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रौढ़ शिक्षा कार्यालय रीवा को किया गया सम्मानित

**रीवा।** जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के नेतृत्व में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा के मार्गदर्शन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा गत दिनों प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी नीरज नयन तिवारी को भोपाल में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कलेक्टर एवं



मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा इस उपलब्धि के लिये उल्लास नवभारत साक्षरता की टीम को बधाई दी गई।

उल्लेखनीय है कि उल्लास नवभारत साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा में जिले को लक्ष्य 65371 के अनुसार जिले में 67182 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुये, यह उपलब्धि कुल लक्ष्य का 103 प्रतिशत है। राकेश शुक्ला सहायक सांख्यिकीय अधिकारी, राजेश सिंह लेखापाल, सुभाष वर्मा, समस्त विकासखण्ड स्त्रोत एवं समस्त विकासखण्ड सह समन्वयक साक्षरता का प्रयास सराहनीय रहा।

# विशेष कोचिंग के लिए शिक्षकों का चयन किया जाएगा

**रीवा।** शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय के बालक एवं कन्या छात्रावासों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं को विशेष कोचिंग देकर मेडिकल, इंजीनियरिंग, चार्टर्ड एकाउंटेंसी एवं कंपनी सेक्रेटरी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में सफलता के लिए शिक्षकों का चयन किया जाएगा।

प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 11वी व 12वी के लिए वाणिज्य समूह में बहीखाता व लेखांकन विषय के लिए स्नाताकोत्तर एवं न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक व बीएड योग्यताधारी शासकीय व अशासकीय शिक्षक अपने आवेदन 13 नवम्बर तक जमा कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# समूह नलजल योजना से लाभान्वित 46 गांवों से मिला 9.31 लाख जल कर

**रीवा।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना से हर घर में नल से जल पहुंचाने के लिए समूह नलजल योजनाओं से बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। कंदैला ग्राम में समूह नलजल योजना में शामिल 109 गांवों में 106 गांवों में पानी की नियमित आपूर्ति की जा रही है। इन गांवों में 27 ग्राम पंचायतों के 46 गांवों में नियमित जलापूर्ति के बाद पंचायतों को नियमित रूप से जल कर की राशि प्राप्त हो रही है। महिला स्वसहायता समूह तथा ग्राम जल स्वच्छता समिति द्वारा जल कर का संग्रहण करके ग्राम पंचायतों में जमा किया जा रहा है। अब तक उन 9 लाख 31 हजार 200 रुपए की राशि संग्रहित की गई है। इस संबंध में जल निगम के जिला प्रबंधक चित्रांशु ने बताया कि ग्राम पंचायत सगरा तथा हरिहरपुर में अब तक लगभग एक लाख रुपए की राशि संग्रहित की गई है। ग्राम पंचायत खरहरी, महसुआ और रौरा में ग्राम जल स्वच्छता समिति ने 60 हजार रुपए से अधिक की राशि संग्रहित की है। ग्राम पंचायत खरहरी और रौरा के सरपंचों ने नल से हर घर में पानी की आपूर्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि अब पानी के लिए ग्रामवासियों को भटकना नहीं पड़ता है। घर में ही स्वच्छ और मीठा पानी मिल रहा है।

# सत्तर वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य प्राथमिकता से करें

## सभी एसडीएम साप्ताहिक विभागीय बैठकों का आयोजन सुनिश्चित करें : कलेक्टर

रीवा


कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने टी.एल. बैठक में समाधान एवं सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान के लंबित प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करायें तथा चालू माह की शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक निराकृत करें। उन्होंने निर्देश दिये कि कोई भी विभाग डी श्रेणी में न रहे ऐसे प्रयास करें।



कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि सत्तर वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य को प्राथमिकता दें तथा आशा कार्यकर्ता इस कार्य को महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से पूरा करायें। उल्लेखनीय है कि जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के एक लाख 43 हजार व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वह प्रति सप्ताह विभागीय बैठक आयोजित करें ताकि इस बैठक में विभिन्न विभागों की लंबित समस्याओं व अन्य विभागों के समन्वय से होने वाले कार्य पूरे करायें जा सकें। उन्होंने जिला स्तरीय टीएल बैठक में भी विभागीय अधिकारियों को अन्य विभागों के समन्वय से कराये जाने वाले प्रकरणों की भी जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ तथा सुपर वाइजर का चालू माह का वेतन तभी आहरित किया जाय जब तक उनके परियोजनान्तर्गत लाड़ली लक्ष्मी योजना तथा प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के लंबित प्रकरणों का निराकरण न हो जाय।

बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत बिछाई जाने वाली पाइप लाइन को पीडब्ल्यूडी विभाग की सड़कों को बिना क्षति पहुंचाये कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि कोई ठेकेदार सड़कों को क्षति पहुंचाये तो उस पर पेनाल्टी लगायें। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों को तत्परता से निराकृत कराने के निर्देश एसडीएम को दिये। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सहित सभी एसडीएम व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा
अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर फायदें
• अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं • ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तस्त्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी • किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी • फिर से होने की संभावना सबसे कम • कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है
उपलब्ध सुविधाएँ
• आकस्मिक चिकित्सा इकाई • गहन चिकित्सा • खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र • दवाईयाँ • प्रसूति कक्ष • शल्य चिकित्सा कक्ष • शल्य क्रियोत्तर कक्ष
आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे-
लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)
8435896118, 9630131919, 7898847200



भारतीय संस्कृति के आलोक स्तंभ
महाकवि कालिदास को शत-शत नमन

अप्यन्यस्मिञ्जलधर ! महाकालमासाद्य काले
स्थातव्यं ते नयनविषयं यावदत्येति भानुः।
कुर्वन्संध्याबलिपटहतां शूलिनः श्लाघनीया-
मामन्द्राणां फलमविकलं लप्स्यसे गर्जितानाम्॥

महाकाल का मंदिर जहां आरती का अत्यंत मनोहर दृश्य, नगाड़े और घंटों की ध्वनि का निनाद मन को प्रफुल्लित करने वाला होता है उसे जरूर देखना। संध्या आरती के बाद भी तुम रुकना और अपनी गर्जना का निनाद करके तुम भी पुण्य फल की प्राप्ति करना।

- मेघदूतम्, महाकवि कालिदास



**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री



**जगदीप धनखड़**, उपराष्ट्रपति

# 66वां अखिल भारतीय कालिदास समारोह शुभारंभ


## गरिमामयी उपस्थिति

उपराष्ट्रपति
**जगदीप धनखड़**

राज्यपाल
**मंगुभाई पटेल**

मुख्यमंत्री
**डॉ. मोहन यादव**

12 नवम्बर, 2024 । अपराह्न 3:00 बजे
कालिदास संस्कृत अकादमी
उज्जैन, मध्यप्रदेश



**मंगुभाई पटेल**, राज्यपाल



**डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री

## छह दिवसीय आयोजन

- कलश यात्रा, वागर्चन एवं संस्कृत रचनाकारों का अलंकरण कार्यक्रम
- चित्र एवं मूर्तिकला के उत्कृष्ट कलाकारों को पुरस्कार वितरण
- राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी एवं लोकप्रिय व्याख्यानमाला का तीन दिवसीय आयोजन
- संस्कृत कवियों की रचनाओं की प्रस्तुति
- 'वागर्चन' के अन्तर्गत महाकवि कालिदास की आराध्य भगवति गढ़कालिका के स्त्रोत का 501 विद्यार्थियों द्वारा वाचन

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP #KalidasSamarohMP

विस्तृत जानकारी के लिए स्कैन करें

D-11100/24

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833